श्रम, संघर्ष, और सेवा साधना के 40 वर्ष

# चिंगारी

संस्थापकः बाबू सिंह चौहान

भली लगे या बुरी.. बात कहे ख़री

बिजनौर : शनिवार, 25 अक्टूबर, 2025

अंक- 01 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 24

क़लम के पुरोधा बाबू सिंह चौहान द्वारा स्थापित

## सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ

एवं

## दीपावली, भैयादूज व गंगा स्नान

के शुभ अवसर पर समस्त पाठकों, शुभचिंतकों,
नगर व जनपदवासियों को

## हार्दिक शुभकामनाएं

feedN

Natural *bhi.* Nourishing *bhi.*

**रमा जैन, शरद जैन, मेघा जैन, सम्यक जैन**

आवासः- बड़ी मण्डी, धामपुर

सभी पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व जनपदवासियों एवं शुभचिंतकों को लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की **40वीं वर्षगांठ** की

**हार्दिक शुभकामनाएं**



**मुदस्सिर जमा खां**
प्रभारी
मेरठ मंडल कांग्रेस ( इ. )

निवास- मौहल्ला- अफगानान किरतपुर (बिजनौर)



**पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल नूरपुर**
की ओर से लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की **40वीं वर्षगांठ** एवं दीपावली, भैयादूज व गंगा स्नान की
*हार्दिक शुभकामनाएं*



मुकुल अग्रवाल
प्रदेश महामंत्री



**संदीप जोशी**
वरिष्ठ पत्रकार एवं युवा जिला प्रभारी
प.उ.प्र.उ. व्यापार मण्डल, बिजनौर





निवेदक- लव कलेक्शन सूट एवं साड़ी शोरुम, वेद जी कॉम्पलेक्स, नूरपुर



लोकप्रिय समाचार पत्र
**सांध्य दैनिक चिंगारी**
की वर्षगांठ पर समाचार पत्र के संस्थापक श्रद्धेय स्वर्गीय श्री बाबू सिंह चौहान जी को श्रद्धा सुमन व संपादक सूर्यमणि रघुवंशी, पत्रकार बंधुओं एवं समस्त स्टाफ को

**हार्दिक शुभकामनाएं**





दीपाली कौशिक, वैभव कौशिक व रिद्धि कौशिक

पता- मोहल्ला गौहर अली खान, अफजलगढ़



लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं

CMO Reg. No: RMEE23429765

**शक्ति आई हॉस्पिटल**
Super Speciality Eye Hospital
पता- बिजली घर के पास, अफजलगढ़

शक्ति आई हॉस्पिटल के साथ आँखों की रोशनी बचाएं और अपना भविष्य बेहतर बनाएं!

- मोतियाबिंद सर्जरी
- चाइल्ड आई केयर
- रेटिना केयर
- ग्लूकोमा केयर
- कॉर्निया केयर
- आकुलोप्लास्टि





Consult Now..

**डॉ. एस. के. सिंह**
CEO and medical superintendent
Shakti eye hospital Afzalgarh
UPSMF Luck Reg No:- 3618

आयुष्मान कार्ड धारकों का नि:शुल्क इलाज व ऑपरेशन

Contact No: 99275 82334

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय सांध्य दैनिक **चिंगारी** की **40वीं वर्षगांठ** पर व्यापारियों, संपादक मण्डल, संवाददाताओं, पाठकों व क्षेत्रवासियों को

## हार्दिक शुभकामनाएं



**सुशील चौहान उर्फ बंटी**
चेयरमैन
गन्ना समिति, स्योहारा

निवास- गांव निचलपुर
स्योहारा ( बिजनौर )





सभी पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं समस्त जनपदवासियों को दीपावली एवं लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की **40वीं वर्षगांठ** की

## हार्दिक शुभकामनाएं



**शाहनवाज़**
प्रदेश उपाध्यक्ष
आरएलडी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ

बिजनौर जनपद के प्रथम सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ पर पत्रकारिता के पुरोधा स्व. बाबूसिंह चौहान जी को शत-शत नमन एवं संपादक मण्डल, लेखकों, संवाददाताओं, कर्मठ कर्मचारियों को बहुत-बहुत बधाई

तथा समस्त जनपदवासियों को

# कार्तिक पूर्णिमा के पर्व गंगा स्नान की

## हार्दिक शुभकामनाएं

शुभेच्छु: **विनय राणा**

**प्रबंधक- रण विजय भान सिंह इण्टर कॉलेज**
(कक्षा 6 से 12 तक अंग्रेजी मीडियम) मौ. चौधरियान, बिजनौर



**जिला महामंत्री, भाजपा बिजनौर**
**कार्यालय प्रभारी भाजपा , बिजनौर**

सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली, लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं



**मोहम्मद शहजाद**
ग्राम भागूवाला

सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली, लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की वर्षगांठ की
**हार्दिक शुभकामनाएं**



आसपा के भावी उम्मीदवार
वार्ड नं. 1

**मो. आसिफ**
ग्राम भागूवाला

## आप सभी को गंगा स्नान एवं लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ




ठा. गजेंद्र सिंह
अध्यक्ष

की
हार्दिक शुभकामनाएं



हाजी शहजाद अहमद
सचिव

**बिजनौर-नजीबाबाद-बिजनौर**
**प्राइवेट बस यूनियन, बिजनौर**



सभी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के लोकप्रिय
सांध्य दैनिक चिंगारी
की 40वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं

## असीम शक्ति की जान

ASEEM SHAKTI TMT

# ASEEM SHAKTI TMT 500

## Enersheell Alloys & Steel (P) Ltd.

4 Km Stone Noorpur Road, Chandpur, Distt Bijnor (U.P.)


!! मा० मुलायम सिंह यादव अमर रहे !!
!! समाजवादी पार्टी ज़िंदाबाद !!
!! मा० अखिलेश यादव ज़िंदाबाद !!
समस्त देशवासियों व नगरवासियों को
दीपावली
गौवर्धन पुजा, भैय्या दूज व गंगा स्नान
एवं चिंगारी की वर्षगांठ
की
हार्दिक शुभकामनाएं
शेख कमरूल इस्लाम
पूर्व चैयरमैन, शेरकोट


आजाद समाज पार्टी (का.)
सतेन्द्र कुमार
सुनील कुमार चितौड़
प्रदेश अध्यक्ष आ.स.पा.
विनय रतन
विवेक कुमार सेन
जिला पंचायत सदस्य सांसद प्रतिनिधि
जावेद अली
जिला संगठन मंत्री
संजय कुमार
विधानसभा अध्यक्ष
सतीश कुमार
विधानसभा उपाध्यक्ष
मनोज कुमार
विधानसभा अध्यक्ष कि.मो.
आप सभी को
पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की
40वीं वर्षगांठ
माननीय सांसद जी
एड. चन्द्रशेखर आजाद
भीम आर्मी संस्थापक/ राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी (का.)
दीपावली, गंगास्नान
नववर्ष 2026 की हार्दिक बधाई
वसीम अहमद अब्बासी
विधानसभा सचिव
मो. 8273993656
सम्भावित प्रत्याशी जिला पंचायत वार्ड नं. 46, ग्राम नींदड़ू


एम.एम. इन्टर कॉलेज
स्टेशन रोड, नगीना
नगर का एकमात्र उच्च स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाला शिक्षण संस्थान
पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के लोकप्रिय सांध्य दैनिक
चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ
की सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
शाहिद अली गोहर
(प्रधानाचार्य)
ताहिरा बेगम, प्रबंधक
अध्यक्ष-न.पा.परिषद, नगीना

हिंदुस्तान के चौथे स्तम्भ की जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी के साथ निभाने वाले लोकप्रिय समाचार-पत्र सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ पर समस्त चिंगारी परिवार को **दिली मुबारकबाद**

हमारी कामना है कि चिंगारी परिवार इसी प्रकार दिन दोगनी, रात चौगनी तरक्की करता रहे और संस्थापक कलम के योद्धा स्व. बाबूसिंह चौहान जी की मिशनरी पत्रकारिता का सपना साकार होता रहे।



## शेख सुलेमान

राष्ट्रीय सचिव - समाजवादी पार्टी व अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन व पूर्व विधायक अफजलगढ़, जिला-बिजनौर

---

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय समाचार-पत्र, सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ एवं दीपावली, भैयादूज, गंगा स्नान की

**दिली मुबारकबाद**



**शमीम अहमद**
भट्टे वाले

**रहमान टाइल्स एण्ड मार्बल्स**
जसपुर रोड, अफजलगढ़

---

सभी देशवासियों,नगरवासियों, क्षेत्रवासियों, शुभचिंतकों, दोस्तों को खुशियों एवं रोशनी के पर्व

**दीपावली, भैयादूज, गंगा स्नान** की

**हार्दिक शुभकामनाएं**



निवेदक - **तरुण चौहान**
**श्री बालाजी मोटर्स**
अफजलगढ़ (बिजनौर)

---

**सभी देशवासियों को सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ एवं दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं**

हमारा उद्देश्य:- मानव सेवा ही दिव्य सेवा है।

## दिव्य सेवा संस्थान (रजि.)

(एक समाजसेवी संस्था)

पता:- हरेवली रोड, मौ. विश्नोई सराय, नगीना, जिला-बिजनौर (उ.प्र.)
E-mail-divyasevasansthan261220@gmail.com
website- https://divyasewasansthan.org



प्रबंधक
दिव्य सेवा संस्थान

**मुख्य उद्देश्य:-**

- गरीब, असहाय, बेघर, वरिष्ठ वृद्ध, विकलांग एवं अनाथों की हर संभव मदद करना।
- निर्धन कन्याओं की शादी कराना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन करना।
- प्राकृतिक आपदाओं जैसे अकाल, तूफान, बाढ़, भूकंप और आगजनी के समय पीड़ित जरुरतमंदों की हर संभव मदद करना।
- ब्लड डोनेशन कैम्प, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर व नेत्र परीक्षण शिविर आदि का आयोजन करना।
- पशु आश्रम, गौशालाओं तथा जीवदया संस्थाओं की स्थापना करके पशुओं और पक्षियों की सेवा करना।
- केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याण नीतियों का जनता में प्रचार-प्रसार करना।
- शारीरिक और मानसिक रूप से विकलांग और अपंगों की शिक्षा, भोजन, कपड़े, किताबों आदि की व्यवस्था करना।
- हर सफलता आपके साथ-आपके हाथ, जहां से टूटेगी आपकी आस, वहां से हम देंगे आपका साथ।

**अपील:-**

सभी दानदाताओं से अनुरोध है कि किसी अपने प्रियजन के जन्मदिवस, पुण्यतिथि, वैवाहिक वर्षगांठ या किसी अन्य खास मौके पर किसी अपने के लिये दिव्य सेवा संस्थान को दान दें और हमें हमारे उद्देश्य पूर्ण करने में मदद करें।

**संपर्क सूत्र:- +91 (0)-9997120242, 8630138483**

नोट:- आपके द्वारा दी गई धनराशि पर आपको आयकर अधिनियम की धारा 80 (G) (5) (iv), IT Act 1961 के तहत दान की गई धनराशि पर छूट मिलेगी, क्योंकि दिव्य सेवा संस्थान 80 (G) प्राप्त संस्थान है।

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 25 अक्टूबर, 2025

# थाईलैंड की राजमाता सिरीकित का निधन



**बैंकॉक ( एजेंसी/चिंगारी )।** थाईलैंड की राजमाता सिरीकित का शुक्रवार को किंग चुलालोंगकोर्न मेमोरियल अस्पताल में निधन हो गया। वह 93 वर्ष की थी। शाही परिवार के कार्यालय ने यह जानकारी दी। कार्यालय ने एक आधिकारिक घोषणा में कहा कि डॉक्टरों की एक टीम जो सात सितंबर, 2019 से अस्पताल में राजमाता के स्वास्थ्य की निगरानी और उपचार कर रही थी, ने पाया कि वह कई शारीरिक प्रणालियों में कई बीमारियों और असामान्यताओं से पीड़ित थीं, जिसके लिए निरंतर चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता थी। चिकित्सकों के अनुसार राजमाता को 17 अक्टूबर, 2025 को रक्तप्रवाह में संक्रमण हो गया था और अथक प्रयासों के बावजूद उनकी हालत धीरे-धीरे बिगड़ती गई और कल रात 9:21 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। थाईलैंड के राजा महा वजीरालोंगकोर्न फ्रा वजीराक्लाओचाओयुहुआ ने राजमाता के शाही अंतिम संस्कार की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है, जो शाही परंपराओं के अनुसार सर्वोच्च सम्मान के साथ आयोजित किया जाएगा। उनके अवशेषों को बैंकॉक के ग्रैंड पैलेस में स्थित दुसित महा प्रसाद सिंहासन हॉल में प्रतिष्ठित किया जाएगा। राजा ने एक वर्ष के शोक की अवधि भी निर्धारित की है। यह अवधि राजमाता के निधन की तिथि से शाही परिवार के सदस्यों और शाही दरबार के अधिकारियों पर लागू होगी।

# महिला की गला रेतकर हत्या

## शव को हाईवे किनारे फेंका

**नगीना ( चिंगारी )।** एक 35 वर्षीय महिला का गला रेत कर हत्या किए जाने के बाद शव हाईवे किनारे फेंकने का मामला सामने आया है। महिला का शव मिलने की सूचना के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया, हालांकि प्रारंभिक जांच में महिला के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है।

शुक्रवार की रात्रि करीब साढ़े दस बजे किसी ग्रामीण ने पुलिस को सूचना दी कि हाईवे पर सड़क किनारे एक महिला का शव पड़ा है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो महिला के शव को देखकर उसके होश उड़ गए।सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मृतका के गले पर किसी धारदार हथियार से काटे जाने के घाव दिखाई दिए हैं ,जबकि शरीर पर कहीं और कोई चोट के निशान नहीं दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि अभी शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।फिलहाल किसी थाने में भी उक्त महिला की गुमशुदगी की बात सामने नहीं आई है। उन्होंने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मृतका की पहचान कराए जाने के प्रयास जारी हैं तथा शव का पंचनामा भर बिजनौर भेज दिया गया है।

## कैफे जा रही आस्ट्रेलिया की दो खिलाडियों के साथ छेड़छाड़

इंदौर के होलकर स्टेडियम में महिला विश्व कप के लिए क्रिकेट मैच हो रहे हैं। इसमें भाग लेने के लिए आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की टीम रेडिसन होटल में रुकी हुई हैं। होटल से कैफे तक जाने के रास्ते पर आस्ट्रेलिया टीम की दो महिला खिलाड़ियों के साथ छेड़खानी करने और उन्हें गलत तरीके से छूने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वह बाइक पर सवार था। दो महिला खिलाड़ी होटल से आधा किलोमीटर दूर स्थित कैफे तक पैदल जा रही थीं। इस बीच बाइक सवार ने दोनों खिलाड़ियों को छू लिया।

Now In Bijnor
Carrier
Midea
CARRIER MIDEA INDIA
(Air Conditioners)
For Trade Enquries called
Authorised Distributor
VINSUR PRODUCTS
Geeta Nagari, Bijnor 246701
Mob.: 9219690223

## पाठकों से

आज चिंगारी सांध्य दैनिक की 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर 8 पेज का रंगीन विशेषांक भी है। अपनी राय से अवगत करायें।

–संपादक

dainikchingari@gmail.com

## कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य बाल-बाल बचीं

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य शुक्रवार देर रात आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में बाल-बाल बच गईं। हादसा फिरोजाबाद जिले के नसीरपुर इलाके में हुआ, जब मंत्री का काफिला आगरा से लखनऊ लौट रहा था। बताया जा रहा है कि उनकी फॉरच्यूनर कार एक अनियंत्रित ट्रक से टकरा गई, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि मंत्री समेत कार सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। जानकारी के मुताबिक, एक्सप्रेसवे पर दोनों ओर का ट्रैफिक एक ही मार्ग से चल रहा था, इसी दौरान मंत्री के वाहन के आगे चल रहे ट्रक का टायर अचानक फट गया और वह नियंत्रण खोकर फॉरच्यूनर से जा टकराया।

ATHER
दीपावली के शुभ अवसर पर
बिजनौर में खुल गया है

इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 8192801901

# बिजनौर रोडवेज ने दीपावली पर की एक करोड़ से अधिक की इनकम

**बिजनौर (चिंगारी)।** दीपावली त्यौहार पर परिवहन निगम के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। लगातार घटते लोड फैक्टर से जूझ रहे बिजनौर डिपो ने महज पांच दिनों में एक करोड़ रुपये से अधिक की आमदनी कर ली। दीपावली पर डिपो की 138 बसों ने विभिन्न रूटों पर संचालन किया, जिनसे लगभग एक लाख यात्रियों ने यात्रा की। त्यौहार से पहले विभाग ने अतिरिक्त बसों की व्यवस्था कर दी थी और बसों के चक्कर भी बढ़ा दिये थे, ताकि यात्रियों को असुविधा न हो। नतीजतन, दीपावली के दौरान यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। विभाग ने इस अवधि में करीब 20 लाख रुपये प्रतिदिन की आमदनी का लक्ष्य रखा था, जो लगभग हासिल कर लिया गया। बिजनौर डिपो के अधिकारियों के अनुसार, दीपावली के आसपास के दिनों में बिजनौर से दिल्ली, मेरठ, हरिद्वार, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और बरेली रूटों पर यात्रियों की भीड़ रही। वहीं, स्थानीय रूटों जैसे नगीना, नहटौर, धामपुर, नजीबाबाद, किरतपुर, चांदपुर व मंडावर की बसें भी फुल रहीं। सूत्रों के मुताबिक त्यौहार पर बिजनौर डिपो ने 19 अक्टूबर को 22 लाख 63 हजार, 20 अक्टूबर को 25 लाख 18 हजार, 21 अक्टूबर को 19 लाख 98 हजार, 22 अक्टूबर को 14 लाख 37 हजार और 23 अक्टूबर को 17 लाख 32 हजार की आमदनी की है।



लंबे समय से बिजनौर डिपो यात्रियों की कमी और घटते लोड फैक्टर से परेशान था। कई बसें अक्सर खाली या आधी सवारियों के साथ चल रही थीं। त्यौहार के दौरान अचानक बढ़े यात्री भार ने विभाग को राहत दी है। त्यौहार के मौके पर यात्रियों की भीड़ और बेहतर संचालन से बिजनौर रोडवेज को न केवल आर्थिक लाभ हुआ, बल्कि उसका भरोसा भी यात्रियों के बीच फिर से मजबूत हुआ है।

# केन यार्ड में किसानों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग



बरकातपुर चीनी मिल में जीएम (केन) से वार्ता करता भाकियू प्रतिनिधिमंडल

**नांगल सोती (चिंगारी)।** भाकियू (टिकैत) के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर में जाकर जीएम (केन) से वार्ता की और केन यार्ड में किसानों को आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराने की मांग की। भाकियू (टिकैत) के पश्चिमी यूपी सचिव दिनेश कुमार एवं जिला महासचिव नरदेव सिंह के नेतृत्व में संगठन का प्रतिनिधिमंडल बरकातपुर चीनी मिल में जाकर महाप्रबंधक (गन्ना) विकास पुंडीर से मिला। उन्होंने किसानों की समस्याओं व मिल का पेराई सत्र शुरू करने को लेकर मिल प्रशासन से वार्ता की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मिल प्रशासन ने 30 अक्टूबर को 3 नवम्बर की तौल के लिये गन्ना क्रय केन्द्रों का इंडेंट जारी कर देने तथा 5 नवम्बर से पेराई सत्र शुरू कर देने की बात कही है। इसके अलावा मिल में गन्ना तौलने जाने वाले किसानों को केन यार्ड में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने तथा किसी भी असुविधा से बचाने की व्यवस्था करने की मांग की गई।

मिल प्रशासन ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिये मिल प्रशासन पूरा प्रयास करेगा। मिल प्रशासन से केन डेवलपमेंट के हेड चांदवीर सिंह, भाकियू के सुनील कुमार, प्रमोद कुमार 'बब्लू', मोहित कुमार, मुकेश कुमार, तुषार अहलावत, अंकुर देशवाल, संदीप कुमार, रूपेश कुमार, अमरीश देशवाल, कुंवरदेव सिंह, मलखान सिंह, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## हरप्यारी देवी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**बिजनौर (चिंगारी)।** वर्धमान कॉलेज के पूर्व हिंदी विभाग अध्यक्ष स्वर्गीय डा.रामस्वरूप आर्य की धर्मपत्नी स्व. हरप्यारी देवी को उनकी आरिष्टी के अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शुक्रवार को मौहल्ला उनके नई बस्ती बिजनौर स्थित उनके निवास स्थान पर आयोजित आरिष्टी कार्यक्रम में डॉ. मीना बख्शी, डा. अरविंद शर्मा, डा. ओपी गर्ग, डा. नरेश अग्रवाल, डा. राजहंस गुप्ता, डा. वंदना जैन, डा. पंकज भारद्वाज, सूर्यमणि रघुवंशी, डॉ. शशिप्रभा, डॉ. सुनील अग्रवाल, भूपेंद्र निरंकारी, विनायक शर्मा, मोहित जैन, आलोक जैन, अनिल सक्सेना, राजेंद्र सिंह, डॉ. मदनपाल सिंह, श्रीमती मृदुला शरद शर्मा, डॉ. संतोष आर्य, राकेश आर्यन, राजीव खंडेलवाल, डॉ. संध्या रस्तौगी, निरंजन लाल, ओमप्रकाश, महक, आरव कुमार, पंडित जीत भारद्वाज, धर्मेंद्र राजपूत, श्रीमती सुदेशना त्यागी आदि आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की। डा. रामस्वरूप आर्य के पुत्र चंद्रप्रकाश आर्य एवं रविप्रकाश आर्य ने सभी आगुंतकों का आभार व्यक्त किया।

## 28 अक्टूबर को होगा पोटलियों का वितरण

**बिजनौर (चिंगारी)।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जनपद बिजनौर द्वारा 28 अक्टूबर को एक वृहद शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर प्रांगण में स्थित किया जाएगा। शिविर में जनपद के थैलेसिमिया रोगियों को नि:शुल्क स्वास्थ्यवर्धक पोटलियों का वितरण, चयनित दिव्यांगों को नि:शुल्क बैटरी चालित ट्राइसाइकिल व स्वास्थ्य शिविरों में स्वयं सेवा देने वाले डाक्टर्स व सहयोगी स्टाफ को प्रमाण-पत्र वितरित किये जाएंगे। यह जानकारी देते हुए रेडक्रास सोसायटी के मिडिया प्रभारी योगेन्द्र पाल सिंह योगी ने बताया कि कार्यक्रम में चंदन चौहान सांसद बिजनौर, चौधरी साकेन्द्र प्रताप सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी और अध्यक्षता जसजीत कौर जिलाधिकारी बिजनौर द्वारा की जायेगी।

# आभा फाउंडेशन की ओर से कल लगेगा नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

**चांदपुर (चिंगारी)।** क्षेत्र की प्रमुख सामाजिक संस्था आभा फाउंडेशन के तत्वावधान में कल 26 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे से बाल विकास महाविद्यालय कुतुबपुर गांवडी में आंखों की जांच के लिए 5वां नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में मोतियाबिंद के ऑपरेशन, चश्मे व दवाइयों का वितरण नि:शुल्क किया जाएगा। मालूम हो कि आभा फाउंडेशन की ओर से 5 अक्टूबर को भी फादरसन पब्लिक स्कूल में आंखों की जांच के लिए नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा का आयोजन किया गया था, जिसमें दो हजार से अधिक लोगों की आंखों की जांच की गई थी, लगभग 200 लोगों का मोतियाबिंद का आप्रेशन किया गया था तथा 1500 लोगों को नि:शुल्क चशमे दिये गये थे।



मालूम हो कि आभा फाउंडेशन की ओर से हजारों गरीब लोगों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए लिहाफ का भी वितरण, बाढ़ पीड़ितों में राशन सामग्री, कम्प्यूटर सेंटर का संचालन व सैकड़ों जरूरतमंद लड़कियों के हाथ पीले कराये जा चुके हैं।आभा फाउंडेशन द्वारा जनहित में कराये जा रहे समाजहित कार्यों के लिये फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती आभा सिंह व उनके पति पुष्पराज सिंह की क्षेत्रवासी प्रशंसा करते हैं।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# ट्रैफिक पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई : 10 डग्गामार बसों और 10 मॉडिफाइड साइलेंसर लगी बाइकों का चालान

**बिजनौर (चिंगारी)।** यातायात नियमों के पालन कराने को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। डग्गामार बसों और मॉडिफाइड साइलेंसर वाली मोटरसाइकिलों के खिलाफ विशेष अभियान में पुलिस ने सख्ती दिखाई। कार्रवाई के दौरान 10 बसों को परमिट की शर्तों के उल्लंघन पर चालान किया, जबकि 10 मॉडिफाइड साइलेंसर लगी बाइकों का चालान करते हुए उनमें से तीन बुलेट सीज की गईं। शुक्रवार को यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक रवि नैन के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाया। अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने 10 बसों को परमिट की शर्तों के उल्लंघन पर चालान किया, जबकि 10 मॉडिफाइड साइलेंसर लगी बाइकों का चालान करते हुए उनमें से तीन बुलेट सीज की गईं। यातायात प्रभारी दरोगा रवि नैन ने बताया कि शहर और आसपास के क्षेत्रों में बिना परमिट या निर्धारित रूट से बाहर चलने वाली बसों पर नज़र रखी जा रही है। साथ ही, तेज आवाज करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई जारी रहेगी। डग्गामार बसें न केवल परिवहन व्यवस्था को बाधित करती हैं, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बनती हैं। वहीं, तेज आवाज वाले साइलेंसर से न केवल ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है, बल्कि लोगों में असुविधा भी होती है। अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और अपने वाहनों में किसी प्रकार का अवैध बदलाव न करें।

# वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

## घर में ही पड़ा हुआ मिला शव


मृतक रमेश का फाइल फोटो

नूरपुर ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र के गांव अस्करीपुर में एक वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी रमेश ( 70 ) पुत्र भूरे का शव घर में ही पड़ा मिला। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस मृतक के पुत्रों ब्रजेश व जागेश की हिरासत में लेकर जानकारी हासिल कर मौत के कारणों की जांच में जुटी है। गांव में चर्चा है कि मृतक का पुत्र जागेश नशे का आदी है तथा उसका अपने पिता से झगड़ा होता रहता था। पुलिस का कहना है कि मृतक के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं हैं तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। बता दें कि दो दिन पूर्व थाना क्षेत्र के गांव शाहनज़रपुर कोर्ट में भी इसी प्रकार की घटना में वृद्ध मंगू सिंह ( 65 ) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण बीमारी बताया गया था।

# शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा

नहटौर ( चिंगारी )। ग्राम बैरमपुर खजूरी स्थित कब्रिस्तान से युवक का शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पत्नी ने हत्या की आशंका जताते हुए शव के पोस्टमार्टम की मांग की थी। ग्राम बैरमपुर खजूरी निवासी जमशेद की काफी समय पूर्व मौत हो गयी थी। जमशेद की पत्नी फरहीन पुत्री मुस्ताक हाल निवासी रवाना शिकारपुर स्योहारा ने पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर अपने पति की हत्या की आशंका जताई थी। मृत्यु के सही कारणों का पता लगाने को शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम करने की मांग की थी। मजिस्ट्रेट के आदेश पर शुक्रवार को नायब तहसीलदार राजकुमार, क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे कानूनगो सुरेन्द्र सिंह, लेखपाल गौरव कुमार एवं उपनिरीक्षक सागर सिंह आदि के नेतृत्व में पुलिस द्वारा शव को कब्र से निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# कल स्वाहेड़ी में होगा 251 कुण्डीय महायज्ञ

**बिजनौर ( चिंगारी )**। निकटवर्ती ग्राम स्वाहेड़ी में कल प्रातः 251 कुण्डीय महायज्ञ तथा ऋषि चर्चा का आयोजन होगा, जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

महायज्ञ के संयोजक मनदीप आर्य, जयवीर सिंह आर्य, अमित कुमार आर्य, डॉ. विद्यासागर आर्य तथा महामंत्री चरण सिंह आर्य ने बताया कि सम्मेलन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। महायज्ञ प्रातः 8:30 बजे से 10:00 बजे तक होगा, तत्पश्चात भजन तथा ऋषि चर्चा होगी। अंत में शांति पाठ होगा। महायज्ञ के ब्रह्म योगाचार्य अरविंद कुमार शास्त्री बरनावा तथा वेद पाठ गुरुकुल लाक्षाग्रह बरनावा के आचार्य होंगे। कल रविवार की प्रातः ग्राम स्वाहेड़ी स्थित ओम वाटिका में होने वाले महायज्ञ के लिए भव्य हवन कुंड बनाए गए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह करेंगे तथा मुख्य यज्ञमान सदर विधायक बिजनौर सुचि मौसम चौधरी, भाजपा के वरिष्ठ नेता ऐश्वर्या मौसम चौधरी तथा अरुण चौधरी आदि होंगे।



महायज्ञ में मुख्य अतिथि न्यायिक अधिकारी निजेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार, श्रीमती अंकिता धामा, जिलाधिकारी जसजीत कौर तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा आदि रहेंगे। महायज्ञ में विद्वान वक्ता चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश, स्वामी सत्यवेश, गुरु वचन शास्त्री तथा डॉ. प्रियंवदा वंद भारती आदि रहेंगे।

# अस्पताल से बच्चा चोरी प्रकरण में एक और वांछित आरोपी गिरफ्तार

**नूरपुर( चिंगारी )**। नगर के धामपुर रोड स्थित एसआर हेल्थ केयर सेंटर में मई माह में नवजात शिशु को बेचे जाने के प्रकरण में पुलिस ने थाना कोतवाली देहात के गांव औरंगजेबपुर उर्फ मंगोलपुरा निवासी जावेद अली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि 19 अगस्त को थाना हीमपुर दीपा के गांव छोईया नंगली निवासी करन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 13 मई को उसकी पत्नी रुकमेश ने एसआर हेल्थ केयर सेंटर में एक बेटे को जन्म दिया था। आरोप है कि 28 मई को प्रसूता की अस्पताल से छुट्टी होने के बाद भी परिजनों को बच्चा नहीं दिया गया। आरोप है कि अस्पताल संचालक ने स्टाफ के साथ मिलकर बच्चे को बेच दिया। पुलिस इस मामले में पूर्व में अस्पताल संचालक व नवजात शिशु को खरीदने वाले दंपती को जेल भेज चुकी है। उक्त मामले में पुलिस ने करीब आधा दर्जन लोगों पर मामला दर्ज किया था। पुलिस अब तक कई आरोपियों को जेल भेज चुकी है।


पुलिस ने बच्चा बेचने के आरोपी को जेल भेजा।

# अचानक सामने आया गुलदार भयभीत हुए बाइक सवार

**शेरकोट ( चिंगारी )**। अचानक सामने आये गुलदार को देखकर बाइक सवार भयभीत हो गए। हिम्मत कर शोर मचाने पर गुलदार खेतों में जाकर घुस गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम तिपरजोत निवासी चमन सिंह व धीरेंद्र सिंह शुक्रवार को किसी कार्य से बाइक द्वारा अफजलगढ़ गए थे। वे देर शाम आठ बजे घर वापस लौट रहे थे, जब वे हाईवे से हाफिजाबाद मार्ग पर उतरकर ग्राम मिर्जापुर से तिपरजोत की ओर जाने वाले रास्ते पर पहुंचे तो मिर्जापुर के निकट जंगल में बकरों वाली नाम से स्थित मोड़ के पास सड़क पर गुलदार बैठा दिखाई दिया। जिसे देखकर दोनों युवकों के पसीने छूट गए और वे बाइक रोककर खड़े हो गए। कुछ देर रुकने के बाद दोनों ने शोर मचाने के साथ हॉर्न बजाना शुरू किया, जिसके बाद गुलदार घने जंगल की ओर चला गया। जिसके बाद उन्होंने गांव की ओर बाइक दौड़ा दी और घर पहुंचकर राहत की सांस ली।

Hero
आया धनतेरस-दीपावली का त्यौहार हीरो पर सवार
125 M Celebrating
125 Millian Customer



★हर खरीदारी पर पायें आकर्षक उपहार
★ G.S.T. लाभ 12821 रुपये तक
★बुकिंग आरंभ 1100 रुपये से



★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

# बिहार में एनडीए इस बार नीतीश कुमार के नेतृत्व में जीत के सभी पुराने रेकॉर्ड तोड़ देगा- मोदी

**समस्तीपुर (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार में अपने चुनाव अभियान की शुरुआत समस्तीपुर जिले में स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर के पैतृक ग्राम से करते हुए कहा कि एनडीए इस बार नीतीश कुमार के नेतृत्व में जीत के सभी पुराने रेकॉर्ड तोड़ देगा।

श्री मोदी ने इस अवसर पर सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि बिहार में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने और प्रदेश को विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करें। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), जनता दल यूनाइटेड (जदयू), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो), जिसका भी उम्मीदवार इलाके में चुनाव लड़ रहा हो उसे प्रचंड मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अपने बूथ की निगरानी करें, मतदाताओं को उत्साहित करें कि मतदान केन्द्र तक पहुंचें और मतदान करें। उन्होंने कहा कि बूथ जीतेंगे तभी चुनाव जीतेंगे। इससे पहले बिहार में अपने चुनावी अभियान का शंखनाद करने प्रधानमंत्री मोदी समस्तीपुर पहुंचे और पिछड़ी तथा अतिपिछड़ी जातियों के पुरोधा कहे जाने वाले भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के गांव जाकर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया। अपने भव्य स्वागत से अभिभूत श्री मोदी कर्पूरी ग्राम के उन अवशेषों के दर्शन को भी गये, जहां जननायक की स्मृतियां छुपी हुई हैं। इस मौके पर जनता को संबोधित करते हुये उन्होंने मिथिला की पावन धरती को प्रणाम किया और कहा कि इस भीड़ को देखकर अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि दीवाली के दो दिन बाद इतनी भीड़ वह गुजरात में भी नहीं जुटा पाते। उन्होंने कहा कि भीड़ देखकर उन्हें महसूस हो रहा है कि राजग की कितनी प्रचंड जीत होने वाली है। उन्होंने उपस्थित जनता और बिहारवासियों को छठ पूजा की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और कहा कि पर्व के समय लोगों को जीएसटी में घटी हुई दरों से खरीदारी का आनंद मिल रहा होगा।



प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में जननायक कर्पूरी ठाकुर को याद किया और कहा कि यह उन्हीं जैसे महान नेताओं का प्रयास था कि आज उनके, नीतीश कुनार, रामनाथ ठाकुर जैसे पिछड़े परिवार से निकले पिछड़ी और अति पिछड़ी जाति के लोग सम्मान की जिंदगी जी रहे हैं और उन्हें बड़े पदों, बड़े मंचों पर बैठने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने जननायक की उपेक्षा की लेकिन उनकी सरकार को उन्हें भारत रत्न देने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने अगड़ी जाति के गरीबों को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया और पिछड़ी तथा अतिपिछड़ी जाति के आरक्षण को 10 साल के लिए आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि श्री ठाकुर ने लगातार इस बात की कोशिश करते रहे कि गरीब, शोषित और वंचित समाज की मुख्यधारा से जुड़ें और उनके बताए हुए रास्ते उन लोगों के लिए प्रकाश पुंज हैं, जो समाज के निचले स्तर पर बैठे लोगों के लिए काम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और राजग सरकार ने मुफ्त अनाज, शौचालय, मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए पक्का मकान, नल से जल और उनके लिए सम्मान से जीने के जो साधन जुटाए हैं।

## ज्ञानवापी के सील वजूखाने के ताले में लगे फटे कपड़े आपसी सहमति से बदले जाएंगे

**वाराणसी (एजेंसी/चिंगारी)।** जिला जज संजीव शुक्ला की अदालत ने शुक्रवार को ज्ञानवापी के सील वजूखाने के ताले में लगे फटे कपड़े को बदलने के मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद निर्णय लिया कि आपसी सहमति से कपड़े को बदला जा सकता है। इसके लिए सभी पक्षों को 29 अक्टूबर को पुन: उपस्थित होने को कहा गया है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता अनुपम द्विवेदी ने बताया कि अदालत ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार वजूखाना सील है। सरकार की ओर से कपड़ा बदलने के लिए आवेदन दिया गया था। सभी पक्षों की मौखिक सहमति के बाद कपड़ा बदला जा सकता है। सहमति बनने के बाद सरकार द्वारा दायर आवेदन को पहले वापस लिया जाएगा। इसके बाद 29 अक्टूबर को आगे की कार्रवाई होगी। सरकार की ओर से अधिवक्ता राजेश मिश्रा ने बताया कि सरकार ने ताले में लगे फटे सील कपड़े को बदलने के लिए आवेदन दिया था, क्योंकि इसे बदलना आवश्यक हो गया है। उल्लेखनीय है कि 18 अगस्त 2021 को राखी सिंह सहित पांच महिलाओं ने सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में याचिका दायर की थी। याचिका में मांग की गई थी कि श्रृंगार गौरी में दर्शन-पूजन की अनुमति दी जाए और परिसर में मौजूद अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियों को संरक्षित किया जाए। साथ ही, ज्ञानवापी परिसर का सर्वेक्षण कराया जाए। इसी मामले में 26 अप्रैल 2022 को अदालत ने अजय मिश्रा को अधिवक्ता आयुक्त नियुक्त किया और परिसर के भीतर वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी के साथ सर्वेक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।



## मुजफ्फरनगर में पिता ने पुत्र को गोली मारी, मौत

**मुजफ्फरनगर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर जिले के भोपा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह पिता-पुत्र के बीच कहासुनी देखते-देखते हिंसक झड़प में बदल गई। आवेश में आए पिता बृजवीर ने अपनी लाइसेंसी बंदूक उठा ली और बेटे रॉबिन सहरावत (28) व बहू रविता (25) पर फायर कर दिया। गोली लगने से रॉबिन के पेट में गंभीर चोट आई, जबकि रविता के हाथ में गोली लगी। गोली चलने की आवाज सुनते ही आस-पास के लोग घर की ओर दौड़े और दोनों घायलों को तत्काल भोपा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक देख उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया। रास्ते में ही रॉबिन ने दम तोड़ दिया, जबकि रविता का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

## हर जिले में हो औषधि नियंत्रण अधिकारी की नियुक्ति- योगी

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में औषधियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये औषधि नियंत्रण तंत्र को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने पर बल देते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला स्तर पर कार्य व्यवस्था को और मज़बूत करने के मकसद से 'जिला औषधि नियंत्रण अधिकारी' का पद सृजित करने के निर्देश दिये हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में औषधि नियंत्रण संवर्ग के पुनर्गठन एवं नये पदों के सृजन से संबंधित प्रस्तावों की समीक्षा करते हुये योगी ने शुक्रवार को कहा कि औषधि निरीक्षकों की संख्या को वर्तमान के सापेक्ष दोगुना किया जाए। इन पदों पर चयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए अब साक्षात्कार के स्थान पर लिखित परीक्षा के माध्यम से भर्ती कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलों में औषधि निरीक्षकों की समुचित तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा जिला स्तर पर प्रभावी पर्यवेक्षण और समयबद्ध जांच व्यवस्था लागू की जाये। अधिकारियों के अनुसार, विभाग में वर्तमान में 109 औषधि निरीक्षक कार्यरत हैं, जो भारत सरकार के मानकों की दृष्टि से अपर्याप्त हैं। इस पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में औषधि निरीक्षण व्यवस्था को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाना जनस्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। बैठक में औषधि नियंत्रण संवर्ग के उच्च पदों के पुनर्गठन पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने उप आयुक्त (औषधि) पदों की संख्या में वृद्धि तथा संयुक्त आयुक्त (औषधि) के पद पर पदोन्नति हेतु अर्हकारी सेवा में संशोधन के प्रस्ताव को अपनी सहमति दी। उन्होंने विभाग में औषधि नियंत्रक पद के लिए स्पष्ट योग्यताएं एवं मानक तय करने के निर्देश दिए और कहा कि इस पद के लिए एक निश्चित कार्यकाल निर्धारित किया जाए, ताकि तंत्र के शीर्ष स्तर पर नेतृत्व और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।



# विज्ञान शिक्षक जयदीप मलिक को राजधानी में मिला राज्य स्तरीय एडुलीडर्स अवार्ड

## सुधीर कुमार राणा को मिला कर्मयोगी सम्मान

**बिजनौर (चिंगारी)।** बच्चों के उत्कृष्ट शिक्षण कार्य में अपनी अलग पहचान बना चुके उच्च प्राथमिक विद्यालय भोजपुर भोपतपुर के शिक्षक जयदीप मलिक को प्रदेश की शैक्षणिक संस्था एड्युलीडर्स ने यूपी नेडा के प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ में विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत 2047 विषयक शिक्षक संगोष्ठी एवं एड्युलीडर सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्मान प्राप्त शिक्षक जयदीप मलिक ने पीपीटी के माध्यम से विद्यालय के नवाचारों की प्रस्तुति करते हुए प्रतिभागियों को बताया कि उनके द्वारा पाठ्यक्रम के साथ बालिका शिक्षा, सुरक्षा एवं संरक्षा, आई सीटी द्वारा दीक्षा वीडियो एवं क्यूआर कोड के उपयोग, मीना मंच, समस्या समाधान, अभिभावक संगोष्ठी आदि के द्वारा बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों तक पहुंच बनाई गई, जिससे बच्चों में अधिगम अभिवृद्धि में सहायता मिली। इन्हीं सब प्रयासों के माध्यम से आज प्रदेश स्तर तक विद्यालय का नाम पहुंचाने में सफल हो सका। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने विद्यार्थियों के साथ अपने सहयोगी शिक्षकों और अभिभावकों को दिया। इस अवसर पर जिला बिजनौर के स्टेट अवार्डी शिक्षक एवं एडुलीडर्स के जिला संयोजक सुधीर कुमार राणा को उनके द्वारा शैक्षिक स्तर को सुधारने के लिए किए जा रहे सामूहिक प्रयासों को सराहा गया एवं उनको एडुलीडर्स कर्मयोगी सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। जिले में शिक्षक सुधीर राणा का उच्च प्राथमिक विद्यालय अकबर पुर आंवला अपनी एक विशेष पहचान रखता है।



# उच्च मानवीय गुणों से परिपूर्ण रहा डॉ. रजनीशचंद ऐरन का जीवन

## पांचवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किये गये

–मौहम्मद इरशाद मलिक

हल्दौर (चिंगारी)। नगर के वरिष्ठ चिकित्सक व समाजसेवी स्व. डा.रजनीश चंद ऐरन आज पांचवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किए गए।

स्थानीय मुहल्ला रईसान निवासी स्व. डा. रजनीशचंद्र ऐरन हल्दौर नगर के सबसे पहले एमबीबीएस डॉक्टर थे। चिकित्सा का क्षेत्र उन्होंने पेशे के रूप में न अपनाकर एक समाजसेवा के रूप में अपनाया। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाजसेवा के लिए समर्पित करते हुए आज के युग में भी मात्र 10 रुपये की फीस लेकर मरीज को देखा और डॉक्टरी के पेशे की पवित्रता को हमेशा बनाए रखा। प्रतिदिन नगर, आसपास के क्षेत्र व दूर दराज से सैकड़ो मरीज उनके क्लीनिक पर आते थे। उनमें से आधे से ज्यादा मरीजों से तो वह फीस भी नहीं लेते थे। गरीब, निर्धन, असहाय व मजदूर तबके के मरीजों को तो वह निःशुल्क दवाइयां भी देते थे और आने-जाने का किराया तक। जिस कारण वह उनकी नजरों में धरती के भगवान से कम नहीं थे। वह दूर दराज तक ख्याति प्राप्त थे। कोरोना काल में जहां कोई चिकित्सक मरीजों को देखने को तैयार नहीं था और सिर्फ फोन पर ही परामर्श दे रहे थे। ऐसी स्थिति में भी उन्होंने लगातार अपनी समाजसेवा को जारी रखते हुए निष्ठापूर्वक मरीजों को देखा। स्व.डा.रजनीशचन्द्र ऐरन एक अच्छे चिकित्सक के साथ-साथ समाजसेवा के क्षेत्र में भी अग्रणी थे। वह नगर के कई सामाजिक संगठनों व शिक्षण संस्थानों से जुड़े हुए थे। वह रोटरी क्लब हल्दौर के संस्थापक थे और वरिष्ठ रोटेरियन के रूप में उन्होंने कई सामाजिक कार्यों को अंजाम दिया। समाजसेवा के माध्यम से वह जरूरतमंदों की सेवा करते थे। वह नगर में सांप्रदायिक सौहार्द के मिसाल थे। बिजनौर के गांधी, महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक लाल ठाकुरदास जी के पौत्र व लाल श्याम सुंदरदास जी के पुत्र स्व. डॉ. रजनीश चंद ऐरन का जीवन उच्च मानवीय गुणों से परिपूर्ण रहा। उनकी मधुर वाणी और व्यवहार कुशलता लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर लेती थी। वह नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था सीडी. इंटर कॉलेज हल्दौर के करीब 44 वर्षों तक प्रबंधक रहे। उनके कार्यकाल में कॉलेज ने नये-नये व उच्च मुकाम हासिल कर क्षेत्र में अपनी एक अमित छाप छोड़ी। वह रोटरी क्लब हल्दौर व अग्रसेन सभा हल्दौर के संस्थापक सदस्य भी रहे। विगत 25 अक्टूबर 2020 को स्व.डा.रजनीशचन्द्र ऐरन मरीजों की सेवा करते-करते कोरोना से संक्रमित होकर इस संसार से चले गए। आज उनकी पांचवीं पुण्यतिथि पर सौरभ ऐरन, वत्सल ऐरन, रोटरी क्लब अध्यक्ष नवीन कुमार एडवोकेट, सचिव अनूप अग्रवाल, रोटेरियंस अभिषेक चौहान, अमित सिंह, डॉ. कपिल कुमार, डॉ. संदीप रस्तौगी, देवेंद्र रस्तौगी, प्रवीण रस्तौगी, गुलजारीलाल मारवाड़ी, भवानी प्रसाद मारवाड़ी, अरुण कुमार शर्मा, चिकित्सक डॉ. राजीव शरण शर्मा, डॉ. हेमचंद राणा, डा. मुश्ताक अहमद, डॉ. प्रमोद शर्मा, डा.एमपी सिंह, डा.एके विश्वास, डा.रहमानिया, शादीलाल मारवाड़ी, नितिन कौशिक आदि ने उन्हें श्रद्धापूर्वक याद करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है।



स्व. डा. रजनीश चन्द्र ऐरन जी

## 69वीं मंडलीय प्रतियोगिता में रहा आरजेपी का दबदबा



**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद संभल (चंदौसी) में हुई 69वीं मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर के खिलाड़ियों ने जीत का परचम लहराया। विजयी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल चैंपियन ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में सीनियर बालक वर्ग में पीयूष राज100 मी., 200 मी. एवं 400 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक एवं व्यक्तिगत चैंपियनशिप हासिल की। सीनियर बालक वर्ग में नितिन कुमार 100 मी. द्वितीय, 200 मी. द्वितीय एवं 400 मी. में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण एवं कास्य पदक एवं प्रशांत कुमार वर्मा 110 मी. प्रथम हाइडल 400 मी. लो हैंडल प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक, लंबी कूद सीनियर बालक वर्ग में शक्ति सिंह ने प्रथम एवं सीनियर बालक वर्ग प्रियांशु ऊंची कूद एवं लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल ने खेल प्रभारी नरेंद्र कुमार एवं अजय कुमार को बधाई दी और प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह, एसपी गंगवार बालेश कुमार, सुभाष बाबू राजपूत, सुधीर कुमार राजपूत, अतुल कुमार रस्तोगी, करनवीर, भूपेंद्र पाल सिंह, विनीत कुमार गहलोत आदि विजयी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## विदेश जमात में गये भागूवाला के व्यक्ति की बुखार से मौत

**भागूवाला/नजीबाबाद (चिंगारी)।** मंडावली थाना क्षेत्र के भागूवाला से तब्लीगी जमात में विदेश गए एक व्यक्ति की मौत हो गई। जमात में गये व्यक्ति की मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में मातम छा गया है। साथ ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। भागूवाला निवासी 50 वर्षीय मौहम्मद अहसान कुछ समय पहले धार्मिक प्रचार-प्रसार के लिए दो माह के लिए अपनी पत्नी के साथ तब्लीगी जमात के साथ विदेश तंजानिया गया था। वहां उसे बुखार आया तथा बाद में हालत बिगड़ने पर उसकी मौत हो गई। उन्हें जमात से 13 नवंबर को वापस भारत लौटना था। लेकिन इससे पहले ही अचानक उन्हें बुखार आ गया तथा बाद में अहसान का इंतकाल हो गया। अहसान के इंतकाल के बाद उसकी पत्नी विदेश में तब्लीगी जमात से अकेली वापस आई। मृतक अहसान के छह बच्चे हैं। विदेश में ही उन्हें सुपुर्दे खाक कर दिया गया। उनके परिवार को उनके आखिरी दीदार भी नसीब नहीं हो पाए। इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिवार गहरे सदमे में है।

## शिताब खान बने कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रईस कुरैशी ने जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह की सहमति से नगर के मौहल्ला मकबरा निवासी शिताब खान पुत्र अनीस खान की कांग्रेस पार्टी में निष्ठा व लगन को देखते हुए उन्हें नगर का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनसे आशा व्यक्त की गई है कि वह कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में अपना पूर्ण सहयोग करेंगे तथा पार्टी के सभी कार्यक्रम में भाग लेकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के दिशा-निर्देशों पर कार्य करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी व श्रीमती प्रियंका गांधी के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे।

## शूटिंग प्रतियोगिता में सहारनपुर की टीम विजयी

**चांदपुर (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम रुस्तमपुर ढाकी में फौजी स्व. भूपेन्द्र सिंह सिरोही की स्मृति में द्वितीय शूटिंग बाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डे-नाइट प्रतियोगिता का फाइनल बकसर व सहारनपुर के बीच खेला गया, जिसमें सहारनपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 25-18 से जीत हासिल कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। ग्राम रूस्तमपुर ढाकी में आयोजित शूटिंग बाल प्रतियोगिता का शुभारंभ युवा रालोद नेता हनी तोमर द्वारा फीता काटकर तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। प्रतियोगिता में बड़ौत, मेरठ, सहारनपुर, बक्सर, गाजियाबाद, अमरोहा, बिजनौर, संभल के साथ-साथ क्षेत्र की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बक्सर व सहारनपुर के बीच खेला गया, जिसमें सहारनपुर की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए 25-18 जीत हासिल की। विजेता टीम को 6100 रुपये व ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 4100 रुपये व ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता कराने में राहुल सिरोही, हरमोद कुमार, डा. अनिल सिरोही, विपिन कुमार, सोनू, कपिल कुमार, लविश कुमार, विवेक कुमार आदि का सहयोग रहा।



शूटिंग बाल प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ करते युवा रालोद नेता हनी तोमर

## कार्यालय नगर पंचायत जलालाबाद (बिजनौर)

दिनांक–24/10/2025

**अधिसूचना अंतर्गत धारा–147(2) यूपी म्यु एक्ट 1916**

समस्त प्रभावित पक्षों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मौहम्मद मुझमील अब्दुल करीम अंसारी व मौहम्मद मुसद्दिक अब्दुल करीम अंसारी पुत्रगण अब्दुल करीम मौ. सद्दीक अंसारी निवासीगण मौहल्ला राईयान, जलालाबाद हाल निवासी अहमद सैलोर बिल्डिंग, अब्दुल रहमान स्ट्रीट, रंगाली मौहल्ला, मुम्बई मांडवी महाराष्ट्र द्वारा अपनी सम्पत्ति (मकान व दुकान-स्थित मौ. राईयान जलालाबाद) नगर पंचायत के कर सम्बन्धी अभिलेखों/अनुसूची में अपने मृतक पिता के नाम के स्थान पर अपने नाम दर्ज किए हेतु बजरिये मृत्यु प्रमाण-पत्र व वारिसान प्रमाण पत्र व शपथ पत्र के आधार पर आवेदन पत्र दिया है। अत: प्रभावित पक्षों/व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम दर्ज करने में यदि कोई दावा/आपत्ति हो तो वह पंचायत कार्यालय में सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित अपने दावों प्रस्तुत कर सकते हैं। अपूर्ण दावा/आपत्ति एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत जलालाबाद, बिजनौर**

# कार्बेट टाइगर रिजर्व में बढ़ रही वन्य जीवों के बीच संघर्ष की घटनाएं

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में जहां एक ओर मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं बढ़ रही हैं। वहीं वन्यजीवों के बीच भी आपसी संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है। बाघों की तुलना में यहां गजराज (हाथी) वर्चस्व की लड़ाई में अपनी जान गंवा रहे हैं। प्रजनन काल के दौरान मादा हाथियों का साथ पाने की होड़ में नर हाथी एक-दूसरे के खिलाफ जानलेवा संघर्ष कर रहे हैं। इन घटनाओं से वन विभाग और वन्यजीव प्रेमियों में गहरी



चिंता व्याप्त है। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड राज्य गठन के बाद अब तक कॉर्बेट की विभिन्न रेंजों में आपसी संघर्ष के चलते 40 हाथियों की मौत हो चुकी है। वहीं 37 बाघ भी आपसी झगड़ों में मारे गए हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि नर हाथियों में हार्मोनल बदलाव (मस्ट अवधि) के दौरान अत्यधिक आक्रामकता बढ़ जाती है। इसी कारण वे मादा हाथियों तक पहुंचने के लिए एक-दूसरे से भिड़ जाते हैं, जिससे कई बार उनकी जान चली जाती है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व का कुल क्षेत्रफल लगभग 1288 वर्ग किलोमीटर है। जिसमें बड़ी संख्या में हाथी, बाघ और अन्य वन्यजीव निवास करते हैं। वर्ष 2022 में हुई गणना के अनुसार रिजर्व में 260 बाघ और 1101 हाथी मौजूद हैं।

जानकारी के मुताबिक राज्य बनने के बाद से अब तक कॉर्बेट में 106 हाथियों और 80 बाघों की प्राकृतिक मौत दर्ज की जा चुकी है। वन अधिकारियों का कहना है कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में हाथी और बाघ बड़ी संख्या में मौजूद हैं। बाघों में जहां क्षेत्रीय वर्चस्व को लेकर संघर्ष होता है, वहीं हाथियों में प्रजनन काल के दौरान मादा हाथियों के लिए संघर्ष देखा जाता है। आपसी लड़ाई में मारे गए वन्यजीवों के शवों का पोस्टमार्टम कर वन विभाग की निगरानी में सुरक्षित रूप से निस्तारण किया जाता है।

## बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए सपा ने घोषित की स्टार प्रचारकों की सूची, शिवपाल बाहर

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी द्वारा हस्ताक्षरित यह सूची चुनाव आयोग को भेजी गई है। इस सूची में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित कुल 20 प्रमुख नेता शामिल हैं। जबकि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव को स्टार प्रचारकों की सूची से बाहर रखा गया है। पार्टी की तरफ से चुनाव आयोग को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपुल एक्ट, 1951 की धारा 77 के तहत ये नेता समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के प्रचार-प्रसार में भाग लेंगे। समाजवादी पार्टी ने यह भी स्पष्ट किया है कि ये सभी नेता गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करेंगे। जारी सूची में प्रमुख नामों में अखिलेश यादव (राष्ट्रीय अध्यक्ष), किरणमय नंदी (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), मोहम्मद आज़म खां (राष्ट्रीय महासचिव), डिम्पल यादव (सांसद) और अफजाल अंसारी (सांसद) शामिल हैं। इसके अलावा सूची में अवधेश प्रसाद, बाबू सिंह कुशवाहा, नरेश उत्तम पटेल, रामशंकर विद्याभूषण राजभर, ललजी वर्मा, छोटेलाल खरवार, राजीव राय, संतान पांडेय, इकरा हसन, प्रिया सरोज, और लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद जैसे सांसदों के नाम भी शामिल हैं। पूर्व सांसद तेज प्रताप सिंह यादव, विधायक ओम प्रकाश सिंह, समाजवादी पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष काशीनाथ यादव, और प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोलंकी (भुर्जी) को भी स्टार प्रचारकों की सूची में जगह दी गई है।

## गुलदार ने माहे को बनाया निवाला

### स्वाहेड़ी के जंगल में लगाया जायेगा पिंजरा

**बिजनौर ( चिंगारी )** आज दोपहर निकटवर्ती ग्राम स्वाहेड़ी के जंगल में गन्ने के खेत में गुलदार ने एक माहे को निवाला बना लिया । किसानों के देखने पर गुलदार भाग निकला, जिससे किसानों में दहशत व्याप्त हो गई। गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम जंगल में पिंजरा लगाएगी।

ग्राम स्वाहेड़ी निवासी विपिन कुमार उर्फ़ बिट्टू के हाईवे ब्रिज के पास स्थित गन्ने के खेत में शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे गुलदार ने एक माहे को अपना शिकार बना लिया। माहे की चीख पुकार सुनकर खेत में काम कर रहे किसान विपिन कुमार उर्फ़ बिट्टू तथा राजू आदि किसान जब गन्ने के खेत में गए तो गुलदार उन्हें देख माहे को छोड़कर भाग निकला, लेकिन तब तक गुलदार माहे का शिकार कर चुका था। इस घटना से जंगल में काम कर रहे किसानों में भय व्याप्त हो गया। गुलदार कि खबर मिलते ही किसान लाठी डंडे तथा फावड़े आदि लेकर गुलदार के पीछे भागे लेकिन वह गन्ने के खेतों में गायब हो गया। सूचना मिलने पर वन विभाग बिजनौर की टीम मौके पर पहुंची तथा किसानों को आश्वासन दिया कि गुलदार को पकड़ने के लिए शाम तक जंगल में पिंजरा लगाया जाएगा। वन विभाग की टीम ने किसानों से टोली बनाकर खेतों में काम करने तथा सावधानी बरतनी को कहा। उल्लेखनीय है कि ग्राम स्वाहेड़ी के जंगल में कई दिनों से गुलदार देखे जाने की चर्चा थी।


TATA MOTORS
REQUIRES
SALES EXECUTIVES
Location : DHAMPUR, NAJIBABAD
Experience: Min. 6-8 yrs in Sales / Finance
CASHIER
Location : BIJNOR Head Office
Experience in similar field will be preferred
TELECALLER (F)
Location : BIJNOR Head Office
Only Female Candidates Can Apply
COMPUTER OPERATOR
Location : BIJNOR Head Office
Contact:
CNS MOTORS PVT. LTD.
(Auth. Tata Motors CV Dealer)
Bijnor / Amroha / Dhampur / Najibabad
HR contact:
7055501562






# चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने किया नवनिर्मित सड़क का उद्घाटन



नई सड़क का फीता काटकर शुभारंभ करते चेयरमैन इंजी. मुअज्जम।

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम ने पालिका द्वारा मेंहदी बाग स्थित नाले वाली मस्जिद से लेकर इंडिया मेडिकल तक पुरानी सड़क को तोड़कर निर्मित कराई गई नई सड़क का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर मेंहदी बाग के जिम्मेदार लोगों ने चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम का स्वागत कर उनके द्वारा नजीबाबाद में किये जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। साथ ही मौहल्लावासियों ने कुछ अन्य समस्याएं भी उनके समक्ष रखीं। कार्यक्रम में हयात आलम, मोहम्मद इरफान, जफर आलम, हाफिज इरफान, फखरे आलम, वसीम, शराफत, फारूक, मोहम्मद अफजाल, शमीम, नसीम, वाजिद, रईस, सरफराज, सभासद शजर, मौ. इब्राहीम सहित काफी गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## चेयरमैन इंजी. मुअज्जम ने हज पर जाने वाले आजमीनों को ट्रेनिंग दी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने कासमिया इंटर कॉलेज में शिविर का आयोजन कर अगले साल 2026 में हज पर जाने वाले आजमीनों को हज की ट्रेनिंग दी। चेयरमैन की ओर से हज आजमीनों के लिए यह 25 वां शिविर लगाया गया। चेयरमैन इंजी. मुअज्जम पिछले काफी सालों से हज आजमीनों के लिए शिविर लगाकर खिदमत ए खल्क कर रहे हैं। चेयरमैन ने शिविर में हज सफर व हज के अरकानों को आसानी से अदा करने के तरीकें बताएं। मौलाना इरफान ने हज की फजीलत बयान करते हुए कहा कि हर मुसलमान को उसकी जिंदगी में एक बार हज फर्ज है। उन्होंने सभी आजमीनों से कहा कि हज के दौरान सभी अरकान पूरे करने जरुरी होते हैं। चेयरमैन ने काबे के मॉडल से हज व उम्र के सफर को आसान तरीके से बताते हुए सभी आजमीनों को सरकारी गाइडलाइन का जरुर ख्याल रखने की सलाह दी। शिविर के बाद मुल्क की तरक्की व आजमीनों के लिए दुआएं की गई।**



## राशिफल

## विमल जैन

**हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता**
**फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्**

**रविवार, 26 अक्टूबर 2025**

मेष- कार्यों के प्रति उदासीनता, घरेलू परेशानी, सब कुछ होते हुए भी अकेलेपन की अनुभूति, प्रतियोगिता में असफलता, कर्ज की अधिकता, मित्रों से तकरार।

वृषभ- व्यापार में विस्तार, सम्मान का लाभ, व्यक्तित्व का विकास, विवाद का समापन, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि।

मिथुन- कार्यक्षमता में वृद्धि, आपसी सलाह से कामयाबी, आपसी सद्भाव, आनन्द की अनुभूति, शारीरिक-मानसिक सुख की प्राप्ति, इच्छानुकूल घटना घटित।

कर्क- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, उत्तरदायित्व की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, राजनीतिक गतिविधियों में रुचि, कर्ज की अदायगी।

सिंह- समय अशुभ, सहयोगियों की गतिविधियों से कष्ट, परिवार में अनावश्यक खर्च, आपसी संबंधों में कटुता, विवाद की आशंका, प्रतिष्ठा पर आघात।

कन्या- स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, सामाजिक सम्पर्क में वृद्धि, किसी उत्सव में सम्मिलित होने का सुअवसर, नौकरी में पदोन्नति, स्थान परिवर्तन।

तुला- ग्रहस्थिति भाग्य के अनुकूल, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग, व्यापार में धन निवेश, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, वैवाहिक जीवन संतोषजनक।

वृश्चिक- अभीष्ठ कार्यों में सफलता, प्रगति का मार्ग प्रशस्त, स्वाध्याय में रुचि, आपसी सौहार्द, पारिवारिक हर्षोल्लास, श्रेष्ठजनों से अपेक्षित सहयोग, संत समागम।

धनु- दिन विपरीत, मित्रों से तनाव, भौतिक सुख में कमी, गलतफहमी के शिकार, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, अशांति का वातावरण, हानि भी।

मकर- व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि, राजनीतिक कृत्यों में रुचि, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, दूसरों की सलाह मान्य, आमोद-प्रमोद के साधु सुलभ।

कुम्भ- विचारित कार्यों में सफलता, धन संचय में प्रवृत्ति, किसी उत्सव में सम्मिलित होने का सुअवसर, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, मान-सम्मान में वृद्धि।

मीन- वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि, जीवनसाथी से सहयोग, कुछेक मसला सुलझने की ओर, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722**

## निपुण शैक्षिक कार्यशाला में नई शिक्षा नीति पर की गई चर्चा

नजीबाबाद (चिंगारी)। राज्य परियोजना निदेशालय लखनऊ के निर्देशानुसार न्याय पंचायत स्तरीय कार्यशालाओं के आयोजन के अंतर्गत न्याय पंचायत पूरनपुर गढ़ी की मासिक कार्यशाला का आयोजन प्राथमिक विद्यालय रामपुर मंगल में हुआ। कार्यशाला में नवाचार के माध्यम से नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, रूचिकर शिक्षा, खेल-खेल में शिक्षा, गतिविधि आधारित शिक्षा तथा संख्या व अक्षर ज्ञान एवं एनसीईआरटी पुस्तकों के आधार पर शिक्षण आदि के सम्बन्ध में चर्चा परिचर्चा कर बताया गया। पूर्व एआरपी मोबीन हसन की उपस्थिति में आयोजित शैक्षिक कार्यशाला में शिक्षक संकुल महेंद्र सिंह, गजाला परवीन, सविता शर्मा, वंदना. अग्रवाल, मुकेश शर्मा सहित काफी संख्या मे शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



कार्यशाला में शामिल शिक्षक-शिक्षिकाएं।

## क्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चो ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

नजीबाबाद (चिंगारी)। न्याय पंचायत विजयपुर की बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों की क्रीड़ा प्रतियोगिता में बालक वर्ग में अफसान तथा बालिका वर्ग में इंशा परवीन चैम्पियन रहे। पूर्व माध्यमिक विद्यालय पदारथपुर में आयोजित बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों की बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय जटपुरा बौंडा के अफसान तथा इंशा दौड़ की सभी स्पर्धाओं में चैम्पियन रही। उच्च प्राथमिक स्तर में ऊंची कूद में उच्च प्राथमिक जटपुरा बौंडा के रेहान फर्स्ट व उच्च प्राथमिक साहनपुर के सुभान सेकेंड, गोला फेंक में अनवर फर्स्ट, अनस सेकेंड, चक्का फेंक में सयान फर्स्ट व रेहान सेकेंड, रहे। कार्यक्रम आयोजन में बृजेश, मोबीन हसन, अमित त्यागी, नौबहार, उष्मा, गीताराम, अंकित त्यागी, कृष्ण अवतार वर्मा, मुकेश देवरानी, मोहित कुमार, सीमा वर्मा आदि मौजूद रहे।



क्रीड़ा प्रतियोगिता में पुरस्कृत किये गये बच्चे।

## बिहार में बनेगी राजग सरकार- संजय गंगवार

आज़मगढ़ (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश के गन्ना विकास राज्य मंत्री संजय गंगवार ने कहा कि बिहार में विपक्षी दलों के पास बात करने के अलावा कुछ भी नहीं है और बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनेगी। उन्होने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश से सपा का सुपड़ा साफ होगा। योगी सरकार ने 2017 के बाद सबसे पहले फेक गन्ना किसानों के सट्टे बंद कराए और स्मार्ट गन्ना किसान योजना लागू की। श्री गंगवार शुक्रवार को अतरौलिया क्षेत्र में परमेश्वरपुर गांव में त्रिमूर्ति स्मृति उपवन का भव्य उद्घाटन कर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे । श्री सिंह ने कहा कि एनडीए की सरकार ने बिहार को जंगलराज से मुक्त कराया । शिक्षा और स्वास्थ्य की क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन हुआ । एनडीए सरकार की उपलब्धियां ही फिर बिहार में एनडीए की सरकार बनवाएगी। तेजस्वी यादव के सवाल पर बोले कि जिसकी परवरिश घोटाले के पैसे से हुई हो, वह क्या नेतृत्व करेगा। बिहार प्रतिभाशाली युवाओं की धरती है, एक बिहारी सब पर भारी। उत्तर प्रदेश में सपा सुप्रीमो की आलोचना के सवाल पर कहा कि उनके गुंडाराज को उत्तर प्रदेश के लोगों ने देखा है अब फिर वह ऐसी गलती नहीं करेंगे । 2027 में समाजवादी पार्टी का सफाया हो जायेगा। गन्ना किसानों की समस्याओं पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने 2017 के बाद सबसे पहले फेक गन्ना किसानों के सट्टे बंद कराए और स्मार्ट गन्ना किसान योजना लागू की।

## एटीएम कार्ड बदलकर 2.62 लाख, खाते से कर दिये साफ

नजीबाबाद (चिंगारी)। एटीएम से धन निकालने के लिए गए एक व्यक्ति का ठग ने एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से 2 लाख 62 हजार रूपए साफ कर दिये। क्षेत्र के ग्राम खैरूल्लापुर उर्फ शाहपुर निवासी अशोक पुत्र जसवंत सिंह ने थाना प्रभारी को दी तहरीर में कहा कि उसका पंजाब नेशनल बैंक में खाता है। 4 अक्टूबर 2025 को वह अपने एटीएम कार्ड से स्टेशन रोड पर पीएनबी के बराबर में लगे एटीएम से तीन हजार रूपए निकालने के लिए गया था। वहां पहले से ही खड़े अज्ञात व्यक्ति ने मदद करते हुए उसका एटीएम लेकर मशीन में लगाकर तीन हजार रूपए निकाल दिये। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने उसका एटीएम कार्ड बदलकर उसे दूसरा एटीएम कार्ड दे दिया। वह उक्त कार्ड को अपना एटीएम कार्ड समझकर लेकर निश्चित होकर घर चला गया। 14 अक्टूबर को जब वह बैंक अपनी पासबुक में एन्ट्री कराने के लिए गया तो उसे जानकारी मिली कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके बैंक खाते से के माध्यम से 4 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक कई बार में 2 लाख 62 हजार रूपए निकाल लिये। जब उसने एटीएम कार्ड चैक किया तो उक्त कार्ड उसका नहीं था। उसके साथ एटीएम पर मिले व्यक्ति ने ठगी की है। पीड़ित ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित के साथ एटीएम पर ठगी करने वाला व्यक्ति वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।



# 500 कामों की जिम्मेदारी संभालता है लिवर


लिवर हमारे शरीर का पावरहाउस है। खाने को पचाकर उससे विटामिन्स, मिनरल्स और खनिज अवशोषित करके शरीर को देना लिवर का काम है। बॉडी में कुछ विषाक्त पहुंचता है तो उसे डिटॉक्स भी लिवर ही करता है। हेल्थ जर्नल जॉन हॉपकिन्स मेडिसिन के मुताबिक, शरीर में छोटे-बड़े 500 कामों की जिम्मेदारी अकेला लिवर संभालता है। जर्नल ऑफ हेपेटोलॉजी के मुताबिक, दुनिया के लगभग 38 प्रतिशत लोग फैटी लिवर की समस्या से जूझ रहे हैं। चौंकाने वाली बात ये है कि इसमें 25 प्रतिशत लोग ऐसे हैं, जो शराब नहीं पीते हैं। ऐसे ज्यादातर मामलों में देखा गया है कि ये लोग मीठा ज्यादा खाते हैं। लिवर को फैट बिल्कुल नापसंद है। लिवर की ज्यादातर बीमारियां, उसमें जमा हो रहे फैट के कारण ही होती हैं।

**-:फैट से होता सबसे ज्यादा नुकसान:-**

लिवर को सबसे ज्यादा नुकसान फैट से होता है। अगर इस पर ध्यान न दिया जाए तो लिवर की क्षमता कमजोर होती जाती है और यह एक दिन पूरी तरह डैमेज हो जाता है। अगर समय रहते कुछ टेस्ट से इसका पता लगा लिया जाए तो ये जोखिम कम हो सकता है।


## इन 5 अच्छी आदतों से सुधरेगी लिवर की सेहत

**फाइबर से भरपूर डाइट लें:-** फाइबर लिवर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। मौसमी फल और सब्जियां, जैसे- संतरा, अमरूद, गाजर, पालक और हरा साग खाएं। **सुबह नींबू पानी पिएं:-** नींबू-पानी पीने से लिवर को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है। यह लिवर के लिए एक हल्का और नेचुरल डिटॉक्स है। **नियमित एक्सरसाइज करें:-** रोज एक्सरसाइज करने से मेटाबॉलिज्म तेज




होता है और लिवर पर एक्स्ट्रा फैट नहीं जमा होता है। **हेल्दी फैट खाएं:** ओमेगा-3 फैटी एसिड्स जैसे- मछली, फ्लेक्ससीड्स, अखरोट खाने से लिवर की सेहत सुधरती है। **हाइड्रेटेड रहें:-** दिन भर में कम से कम 8-10 गिलास पानी पिएं। पानी से लिवर के कार्य को बेहतर बनाने में मदद मिलती है और शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं।

### इन 9 खराब आदतों से डैमेज होता लिवर





# कार्यालय नगर पंचायत जलालाबाद ( बिजनौर )

पत्रांक : 170/न.पं.ज./2025-26 दिनांक : 24.10.2025

**निविदा सूचना द्वारा ई-टेण्डर**

समस्त ठेकेदारों/सप्लायर/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत जलालाबाद द्वारा राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर के विकास कार्यो हेतु दिनांक 15.11.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर निविदाएँ समस्त ठेकेदारो/फर्मो से शर्तो के आधार पर आमंत्रित करती है। निविदा अभिलेख एवं शर्ते वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 27.10.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे से दिनांक 15.11.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 27.10.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे से दिनांक 15.11.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आनलाइन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है, तथा दिनांक 15.11.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे कार्यालय में निविदा खोली जायेगी। निविदा खोले जाने की दिनांक को अवकाश की स्थिति मे अगला कार्य दिवस माना जायेगा।

| | |
|---|---|
| Tender Reference | 02/ET/NPJ/2025-26 |
| Publish Date and time for RFP | 27.10.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे से |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 15.11.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक |
| Date and time of opening tender | 15.11.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे को |
| Place of opening of E-tender | Office Nagar Panchayat Jalalabad |
| E-tender security | 10% of Tender Value |
| E-tender document processing | As per tender list |

समस्त नियम एवं शर्ते वैबसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेंगी।

( अनूप कुमार रावत )
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत जलालाबाद ( बिजनौर )


( रूमाना )
अध्यक्ष
नगर पंचायत जलालाबाद ( बिजनौर )


## अजब-गजब

### जहरीले कोबरा और बंदर की खतरनाक लड़ाई

इंटरनेट पर आए दिन ऐसे-ऐसे वीडियो सामने आते रहते हैं, जिन्हें देखकर लोग दंग रह जाते हैं। खासकर जब बात जानवरों से जुड़े वीडियो की हो तो वह बहुत जल्दी वायरल हो जाते हैं। लोग इन्हें बार-बार देखते हैं और शेयर करते हैं। हाल ही में ऐसा ही एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें एक बंदर और खतरनाक कोबरा आमने-सामने आ जाते हैं। यह भिड़ंत बहुत लंबी नहीं थी, लेकिन जिस अंदाज में दोनों आमने-सामने हुए, उसने देखने वालों की धड़कनें तेज कर दीं।

**सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो:-** वीडियो की शुरुआत में ही साफ दिखता है कि बंदर और कोबरा एक-दूसरे को घूर रहे हैं। कुछ सेकंड तक माहौल शांत रहता है। इसके बाद अचानक कोबरा बंदर को खतरा समझकर उसकी ओर झपटता है। कोबरे का फुर्तीला वार देखकर बंदर पलभर के लिए घबरा जाता है और वहीं रुक कर सांप को ध्यान से देखने लगता है। उस समय बंदर के चेहरे पर डर और हैरानी



साफ दिखाई देती है। देखने वाले लोग यही सोचते रह गए कि अगर कोबरे का जहर भरा डंक बंदर को लग जाता तो नतीजा कितना खतरनाक हो सकता था।

**बंदर और कोबरा की हुई लड़ाई:-** असल में जंगल में रहने वाले जानवरों को हर दिन इस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यहां जिंदगी आसान नहीं होती। कभी शिकारियों से बचना तो कभी भोजन की तलाश, हर पल खतरे से घिरा होता है। कई जानवर ऐसे होते हैं जिन्होंने समय के साथ अपने बचाव की खास रणनीतियां सीख ली हैं। बंदर भी उनमें से एक है। बंदर बहुत फुर्तीले और चौकन्ने माने जाते हैं। उनकी यही खासियत उन्हें अचानक होने वाले हमलों से बचा लेती है। वायरल वीडियो में भी यही देखने को मिला। जैसे ही कोबरा बंदर की ओर बढ़ा, बंदर ने तुरंत छलांग लगाकर पीछे हटना बेहतर समझा और खुद को बचा लिया। अगर वह जरा भी देर करता तो नतीजा बेहद गंभीर हो सकता था।

**जंगली जानवरों को करना पड़ता है संघर्ष:-** इस घटना से यह भी साफ होता है कि जंगली जानवरों की जिंदगी हमेशा संघर्ष और खतरे से भरी रहती है। उनके लिए हर नया दिन एक चुनौती की तरह होता है। कभी भोजन जुटाने के लिए उन्हें मुश्किलों से जूझना पड़ता है तो कभी किसी शिकारी से अपनी जान बचानी पड़ती है। इसीलिए वे हमेशा सतर्क रहते हैं और हर पल चौकन्ना रहना उनकी आदत बन चुकी है।

# श्मशान की आराजी पर अवैध निर्माण गिराया, भाकियू ने धरना लगाया


नगीना में बढ़ापुर मार्ग पर निर्माण को गिराती जेसीबी व मौके पर जांच करते एसडीएम।

**नगीना ( चिंगारी )।** श्मशान घाट की आराजी पर अवैध कब्जे की शिकायत के बाद निर्माण गिरा दिया गया। निर्माण गिरा दिये जाने से नाराज भाकियू के कार्यकर्ता तहसील परिसर में धरने पर बैठ गए। बृहस्पतिवार को साहू दीपक कुमार, प्रभात चंद, अजय कुमार, कुलदीप, सुभाष चंद आदि द्वारा थाना अध्यक्ष को दिये गये शिकायती पत्र में कहा गया था कि बढ़ापुर रोड पर ईदगाह के सामने लगभग 100 वर्ष पूर्व साहू विश्वेश्वर नाथ ने श्मशान घाट हेतु जमीन दान दी थी। शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया था कि जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है तथा मना करने पर नहीं मान रहे हैं। पत्र के माध्यम से अवैध निर्माण रुकवाने की मांग की गई थी। शिकायती पत्र मिलने के बाद पुलिस ने निर्माण कार्य को रुकवा दिया था। शुक्रवार को एसडीएम नितिन कुमार राजस्व टीम व पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे तथा मामले की जांच पड़ताल की। एसडीएम ने बताया कि प्रथम दृष्टि में निर्माण अवैध प्रतीत हो रहा है। उनका कहना है कि निर्माण करने वालों ने खुद ही निर्माण हटा लिया है। उधर भाकियू कार्यकर्ताओं ने प्रशासन पर निर्माण हटवाने का आरोप लगाकर धरना दिया।

## ई रिक्शा पलटने से महिला गंभीर घायल

**नहटौर ( चिंगारी )। सवारी लेकर नहटौर आ रही ई-रिक्शा का अचानक पहिया निकल गया, जिससे रिक्शा पलट गयी और इसमें बैठी एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। शुक्रवार को चांदपुर क्षेत्र के ग्राम ढाकी निवासी सरताज अपनी ई-रिक्शा से अपने गांव की दो महिलाओं को नहटौर छोड़ने आ रहा था। सदरुद्दीननगर से अनीस अहमद की दो बेटियां, शहरीन और शबाना भी नहटौर जाने के लिए ई-रिक्शा में बैठ गई। नहटौर-पैजनिया मार्ग पर गांव मानकपुर के पास अचानक ई-रिक्शा का पहिया निकल गया, जिससे वह अनियंत्रित होकर पलट गई। ई-रिक्शा पलटने से सवारियां उसके नीचे दब गईं। शहरीन गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि अन्य सवारियों को भी चोटें आईं। भाकियू ( टिकैत ) के जिला उपाध्यक्ष सुजीव चौधरी ने अपनी गाड़ी से घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।**

# उत्तम शुगर मिल्स में बॉयलर पूजन कल

## 5 नवम्बर से शुरू हो जाएगा पेराई सीजन

**नांगल सोती ( चिंगारी )। कल ( रविवार को ) उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर में बॉयलर पूजन होगा तथा 5 नवम्बर को मिल का पेराई सत्र शुरू हो जायेगा। किसानों ने भी गन्ना कटाई, छिलाई की तैयारियां शुरू कर दी हैं।**

मिल के महाप्रबंधक (गन्ना) विकास पुंडीर ने बताया कि कल रविवार को मिल में बॉयलर पूजन होगा, जबकि 5 नवम्बर को मिल का पेराई सत्र शुरू हो जायेगा। गन्ना क्रय केन्द्रों पर तौल 3 नवम्बर को शुरू हो जायेगी। क्रय केन्द्रों पर 3 नवम्बर की तौल के लिये 30 अक्टूबर को इंडेंट जारी हो जायेगा। मिल का पेराई सत्र शुरू करने को बाकी बची तैयारियां पूरी करने में मिल प्रशासन युद्धस्तर पर जुटा हुआ है। मिल प्रशासन के साथ-साथ किसानों ने भी गन्ना कटाई, छिलाई हेतु तैयारियां शुरू कर दी हैं। लोहारों के पास इस समय किसानों की भारी भीड़ लगी हुई है। किसान गन्ने की कटाई, छिलाई हेतु आवश्यक कृषि उपकरण दरांती, कसला की व्यवस्था करने के लिये लोहारों के पास जा रहे हैं, जहां किसान नये उपकरण बनवा रहे हैं, वहीं पुराने उपकरणों पर धार लगवा रहे हैं। किसानों को तौल के लिये गन्ना पर्चियां मिलने का बेसब्री से इंतजार है। एक तो इस समय किसानों के सम्मुख चारे की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है, वहीं दूसरी तरफ किसान गेहूं की बुवाई हेतु समय से गन्ने के खेत खाली करना चाहते हैं।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र कनिष्क अग्रवाल उर्फ किट्टू जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करता है तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं है, इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र से अपने सारे सम्बंध विच्छेद कर रहे हैं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा।

**दीपक अग्रवाल पुत्र सतीश अग्रवाल, निवासी मौ. जाटान बी-3, बिजनौर**

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों की जानकारी ली


नारनौर घाट पर लगने वाले गंगा स्नान मेला स्थल का निरीक्षण करते एसडीएम व सीओ।

**चांदपुर ( चिंगारी )।** कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान समिति के तत्वावधान में एक नवम्बर से 5 नवम्बर तक नारनौर घाट पर लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारी की जा रही हैं। शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मेला आयोजकों से जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी नितिन तेवतिया, पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह, पुलिस कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने नारनौर गंगा घाट पर लगने वाले गंगा स्नान के मेले के स्थान एवं गंगा घाट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला समिति, नारनौर के अध्यक्ष अजय कुमार कौशिक, प्रबंधक नीरीश गुप्ता उर्फ बिल्लू गुप्ता, समिति के सदस्य यशपाल सिंह, सतीश कुमार, रितिक कुमार, तरूण शर्मा, विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे। गंगा स्नान के मेले को भव्यतम रूप में सफल बनाने के लिये युद्ध स्तर पर कार्य शुरू कर दिये गये हैं। मालूम हो कि नारनौर घाट पर सैकड़ों वर्षों से गंगा किनारे कार्तिक पूर्णिमा पर मेला लगता आ रहा है।

# खनन चेक पोस्ट पर चैकिंग के दौरान संग्रह अमीन का किया अपमान

## आरोपियों के विरूद्ध पुलिस को दी तहरीर

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** संग्रह अमीन ने खनन से लदे वाहनों की चैकिंग के दौरान एक वाहन चालक आदि पर अभद्रता व धमकाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराकर पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। जसपुर-अफजलगढ़ नेशनल हाईवे पर थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम रायपुरी में यूपी-उत्तराखंड की सीमा पर स्थित खनन चेक पोस्ट पर चैकिंग ड्यूटी के दौरान तैनात धामपुर तहसील के संग्रह अमीन लोकेंद्र सिंह ने थानाध्यक्ष रेहड़ को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया कि उत्तराखंड की ओर से आते हुए खनन से लदे एक ट्रक को संबंधित दस्तावेज चैक करने हेतु जब रोका गया तो उसके चालक बलवंत ने कागज न दिखाकर वाहन स्वामी को बुला लिया। लोकेंद्र सिंह का आरोप है कि वाहन चालक बलवंत, वाहन स्वामी जोगा व उनके साथ आए दो अज्ञात व्यक्तियों ने खनन चैक पोस्ट में घुसकर सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए उसके साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी और बिना जांच कराए जबरन ट्रक लेकर फरार हो गए। थानाध्यक्ष रेहड़ विकास कुमार ने बताया कि लोकेंद्र सिंह की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जिसमें जरूरी कार्यवाही की जा रही है।

# पैजनिया निवासी युवक की राजस्थान में मौत

**पैजनिया ( चिंगारी )।** बीती रात गांव पैजनिया निवासी सिख समुदाय के एक युवक की नागोर ( राजस्थान ) में हार्टअटैक से मौत हो गई। युवक की असमय मौत से परिवार में कोहराम मच गया तथा गांव के सिख समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई। गांव पैजनिया निवासी रोहित सिंह पुत्र जसपाल सिंह 25 वर्ष राजस्थान के नागोर शहर में चश्मे की फेरी लगाकर अपने परिवार का



पालन-पोषण करता था। परिजनों के मुताबिक शुक्रवार की देर रात्रि रोहित को हार्ट अटैक आ गया, जिसे उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे एक मासूम पुत्री व एक पुत्र को रोता-बिलखता छोड़ गया है। पिछले कुछ वर्षों पूर्व उसके भाई की भी मृत्यु हो गई थी, मृतक रोहित अपने परिवार का इकलौता सहारा था।

# अंडर-19 जिला स्तरीय क्रिकेट लीग 8 नवम्बर से

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पीसीए और बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से एक अंडर-19 जिला स्तरीय एक क्रिकेट लीग नेहरू स्टेडियम पर 8 नवंबर 2025 से शुरू होने जा रही है, जिसमें टीमों की एंट्री नि:शुल्क रहेगी। जो भी खिलाड़ी टूर्नामेंट में प्रतिभाग करना चाहता है, वे बिजनौर तहसील प्रभारी से मुलाकात कर विस्तार से जानकारी ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक तहसील की टीमें प्रतिभाग करेंगी। केवल बिजनौर तहसील के लिए खिलाड़ियों के ट्रायल बुधवार 29 अक्टूबर को नेहरू स्टेडियम शाम 4 बजे से होंगे। सभी ट्रायल देने वाले खिलाड़ियों को कीट में आना आवश्यक है, खिलाड़ी अपना आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, हाईस्कूल की अंकतालिका की मूल प्रति व छाया प्रति अवश्य साथ लाएं। बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी मानव सचदेवा ने यह जानकारी दी।





# सेंट मेरी के स्कूल विद्यार्थियों ने करके शानदार प्रदर्शन, नाम किया रोशन

**हल्दौर ( चिंगारी )।** सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन कर दिया। सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल, कोटद्वार में 13, 14 और 15 अक्टूबर को आयोजित 18 वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 में हल्दौर के सैंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल ने रनर-अप (उपविजेता) स्थान प्राप्त किया। इस तीन दिवसीय खेल महोत्सव में कुल 32 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें सेंट मेरी के खिलाड़ियों ने अपने जोश, अनुशासन और खेल भावना से सबका मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में सब-जूनियर वर्ग से निर्भय सिसौदिया ने शॉट पुट में स्वर्ण पदक जीता, रचित ने 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ दोनों में स्वर्ण पदक प्राप्त किये। रक्षित ने हाई जंप में स्वर्ण पदक जीता, दीक्षिका ने लॉन्ग जंप में स्वर्ण पदक हासिल किया। कार्तिक ने लॉन्ग जंप और 400 मीटर दौड़ दोनों में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। गौरी ने 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जबकि गौरी ने 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। बालक रिले टीम तथा बालिका रिले टीम दोनों वर्गों के विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। जूनियर वर्ग से आयुष ने 800 मीटर दौड़ में रजत पदक प्राप्त किया, धानी ने 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक, कृष्णा ने हाई जंप में कांस्य पदक और किट्टू ने लॉन्ग जंप में रजत पदक जीते। बालक वर्ग की रिले टीम ने कांस्य पदक हासिल किए, वहीं आयुष ने 400 मीटर दौड़ में भी कांस्य पदक प्राप्त किया। सीनियर वर्ग से खिमांक चौधरी ने लॉन्ग जंप में रजत पदक जीतकर विद्यालय की सीनियर टीम का प्रदर्शन मजबूत किया।

## इन्हें जाता है इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय

विद्यालय के इस शानदार प्रदर्शन का पूरा श्रेय मैम अवनीत, सर शरद और प्रकाश सर को जाता है, जिनके मार्गदर्शन, कठिन परिश्रम और सतत प्रोत्साहन से विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि हासिल की। प्रधानाचार्या सिस्टर शैनेट ने इस अवसर पर कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने मेहनत, अनुशासन और खेल भावना का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। हमें अपने विद्यार्थियों और शिक्षकों पर गर्व हैं, जिन्होंने अपने विद्यालय का नाम ऊँचा किया। सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल, हल्दौर के इन युवा खिलाड़ियों की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि लगन, परिश्रम और टीमवर्क से हर लक्ष्य संभव है।

# सर सैयद-डे पर होने वाला कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा

## आयोजकों ने प्रशासन से अनुमति नहीं ली



**स्योहारा ( चिंगारी )** शुक्रवार की शाम को ठाकुरद्वारा रोड स्थित एक मंडप में साथी फाउंडेशन की ओर से सर सैयद-डे पर एक कार्यक्रम का आयोजन होना था, जिसमें आठ सौ से अधिक अतिथियों के लिए भोजन और अन्य व्यवस्थाएं पूरी की गई। लेकिन पुलिस मंडप पर पहुंची और कार्यक्रम की अनुमति-पत्र दिखाने की बात कही। आयोजको द्वारा अनुमति न दिखाने पर पुलिस ने शांतिपूर्ण तरीके से आयोजकों से कार्यक्रम स्थगित करने को कहा जिसपर आयोजकों द्वारा कानून का पालन करते हुए अपने कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। जो अतिथि स्योहारा पहुंचे उन्हें आयोजकों ने नगर में अपने आवास पर ठहराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे सपा सांसद इकरा हसन को आना था लेकिन कार्यक्रम स्थगन की सूचना आयोजकों द्वारा दे दी गयी थी। कार्यक्रम के आयोजन सुबहान ने बताया कि पुलिस द्वारा सुरक्षा की बात कहते हुए कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया । कानून का पालन करना हमारी जिम्मेदारी है। ये जिस किसी ने भी शिक्षा के कार्यक्रम को राजनीति कार्यक्रम बता कर ये कराया है, स्योहारा उसे याद रखेगा। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे ने कहा कि कार्यक्रम की अनुमति ने होने पर कार्यक्रम स्थगित कराया गया है। ऐसे कार्यक्रमों की अनुमति लेनी जरूरी होती है जिसके लिए पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में लगाया जाता है।

# मदरसे में 13 वर्षीय छात्रा से मांगा गया वर्जिनिटी सर्टिफिकेट

**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** जनपद के पाकबड़ा थाना इलाके के दिल्ली रोड स्थित एक मदरसे में 13 वर्षीय छात्रा से वर्जिनिटी सर्टिफिकेट मांगने का शर्मशार करने वाला मामला सामने आया है। आरोप है कि मेडिकल रिपोर्ट लाने से इंकार करने पर छात्रा का नाम काटकर परिजनों को टीसी थमा दी गई। मदरसे ने एडमिशन के समय ली गई फीस भी वापस नहीं की। शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। चंडीगढ़ निवासी व्यक्ति ने मुरादाबाद के एसएसपी सतपाल अंतिल को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनकी 13 वर्षीय बेटी पाकबड़ा के लोधीपुर स्थित एक मदरसे में पढ़ती थी। उन्होंने वर्ष 2024 में बेटी को सातवीं कक्षा में दाखिला दिलाया था और एडमिशन के नाम पर 35 हजार रुपये जमा कराए थे। इस साल बेटी ने सातवीं पास की और आठवीं में प्रवेश होना था। शिकायतकर्ता के अनुसार, पत्नी के मायके प्रयागराज जाने के कारण 16 जुलाई को बेटी को कुछ दिनों के लिए घर बुला लिया गया था। जब पत्नी 21 अगस्त को बेटी को मदरसे में वापस छोड़ने गई तो वहां मौजूद प्रिंसिपल और एडमिशन इंचार्ज ने प्रवेश देने से इनकार कर दिया। आरोप है कि उन्होंने कहा कि पहले मेडिकल कराकर बेटी का वर्जिनिटी सर्टिफिकेट लेकर आने को कहा। नाबालिग छात्रा की मां के विरोध करने पर मदरसे के कर्मचारियों ने गाली-गलौज की और दोबारा आने के लिए मना कर दिया। इसके बाद उन्हें टीसी थमा दी गई। कई बार गुहार लगाने के बाद भी छात्रा को दोबारा दाखिला नहीं दिया गया। मजबूर होकर पीड़िता के पिता ने एसएसपी से शिकायत की।

# मेले के लिए जमीन को समतल करने का कार्य शुरू



**गंज ( चिंगारी )।** महात्मा विदुर की तपोभूमि विदुर कुटी पर मां भागीरथी के तट पर लगने वाले कार्तिक गंगा स्नान के विशाल मेले के लिए जमीन को समतल करने का कार्य तथा रास्ते बनाने का काम चल रहा हैं। ट्रैक्टरों के द्वारा गंगा की रेती को समतल किया जा रहा है तथा धीरे-धीरे तंबू भी लग रहे हैं जिससे गंगा के किनारे तंबुओं का शहर बसता हुआ नजर आ रहा है।

# संभल बनेगा धार्मिक पर्यटन का नया केंद्र - जयवीर सिंह



**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ऐतिहासिक नगरी संभल स्थित प्राचीन मनोकामना मंदिर को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने जा रहा है। जिले के प्राचीन तीर्थस्थलों और कुओं के संवर्धन अभियान के तहत, उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) प्राचीन मनोकामना मंदिर के समग्र विकास की ओर अग्रसर है। योजना पर 171 लाख रुपए की धनराशि खर्च होगी। यह प्रयास न केवल प्राचीन मंदिर के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को सामने लाएगा, बल्कि संभल को एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने में भी अहम भूमिका निभाएगा। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि संभल जनपद प्राचीन इतिहास और पौराणिक परंपराओं से समृद्ध क्षेत्र रहा है। राज्य सरकार जिला स्थित कूपों, देव स्थलों और प्राचीन मंदिरों के संरक्षण व सौंदर्यीकरण के लिए व्यापक प्रयास कर रही है। इसी श्रृंखला में अब 141 वर्ष पुराने मनोकामना मंदिर के आसपास पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों दोनों को बेहतर सुविधाएं मिल सके। उन्होंने बताया, पौराणिक मान्यता है कि भगवान विष्णु का 10 वां अवतार कल्कि रूप में संभल में होगा। कल्कि धाम निर्माण से देश-दुनिया के आस्थावानों की नजर संभल पर टिकी है। संभल जनपद के प्राचीन और आस्था से परिपूर्ण मनोकामना मंदिर को जिले के सबसे लोकप्रिय मंदिरों में गिना जाता है।

# पानी की बूंद-बूंद के लिए तरसेगा पाकिस्तान!

## भारत के बाद अब अफगानिस्तान नकेल कसने को तैयार

**काबुल ( एजेंसी/चिंगारी )।** तालिबान के नेतृत्व वाली अफगानिस्तान सरकार ने पाकिस्तान को मिलने वाले पानी को नियंत्रित करने की तैयारी शुरू कर दी है। अफगानिस्तान के सर्वोच्च नेता मौलवी हिबातुल्लाह अखुंदजा ने कहा है कि कुनर नदी पर जल्द से जल्द बांध बनाया जाएगा। तालिबान सरकार की तरफ से यह फैसला उस समय लिया गया है जब अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुई लड़ाई में सैकड़ों लोग मारे गए थे। तालिबान के सूचना मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने देशी कंपनियों के साथ ही इस परियोजना के ठेके करने का निर्देश दिया है। कुनर नदी लगभग 480 किलोमीटर लंबी है और हिंदू कुश पर्वत से निकलकर पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मिलती है, जहां यह काबुल नदी में जुड़ती है। काबुल नदी, जो बाद में सिंधु नदी में मिलती है, पाकिस्तान के लिए सिंचाई और जल आपूर्ति का मुख्य स्रोत है। अगर कुनर नदी का पानी कम



हुआ, तो सिंधु नदी और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत पर भी असर पड़ेगा। भारत ने अप्रैल 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ सिंधु जल संधि को फिलहाल के लिए निलंबित कर दिया था। उसके बाद अफगानिस्तान ने भी पाकिस्तान के पानी पर नियंत्रण करने का कदम उठाया। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच कोई औपचारिक जल-साझा समझौता नहीं है।

### भारत और अफगानिस्तान के बीच सहयोग

अफगान विदेश मंत्री एम आमिर खान मुत्ताकी हाल ही में भारत आए और भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मिले। दोनों देशों ने हाइड्रोपावर और बांध परियोजनाओं में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। अफगान-भारत मित्रता (सलमा बांध), 2016 में भारत के 300 मिलियन डॉलर की मदद से बना, 42 मेगावॉट बिजली देता है और 75000 हेक्टेयर में सिंचाई करता है। शाहतूत बांध, काबुल नदी की सहायक नदी मैदन पर 2021 में भारत के 250 मिलियन डॉलर निवेश से बनने जा रहा है। यह दो मिलियन लोगों को पीने का पानी देगा और 4,000 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि में सिंचाई करेगा।

# एमएलसी चुनाव को लेकर कांग्रेस में गहन मंथन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बरेली-मुरादाबाद एमएलसी चुनाव को लेकर कांग्रेस में गहन मंथन किया गया। बैठक में एमएलसी चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ संयोजक डा. अमित कुमार राय ने सभी कांग्रेसियों से चुनाव के लिए कमर कसने के निर्देश दिए। शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय पर उ.प्र. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ संयोजक डा. अमित कुमार राय एवं संयोजक, चिकित्सक प्रकोष्ठ डा. आज़ाद बेग ने आगामी एमएलसी चुनाव में कांग्रेस की मजबूत स्थिति सुनिश्चित करने के लिए व्यापक रणनीति पर चर्चा की। बैठक में मतदाता जागरूकता अभियान, बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, और संयुक्त मोर्चा बनाने जैसे मुद्दों पर सहमति बनी। बैठक में पार्टी को जमीनी स्तर पर और सक्रिय करने और कांग्रेस का एजेंडा हर घर तक पहुंचने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी तय किया गया कि शिक्षक और स्नातक वर्ग से जुड़े मतदाताओं के बीच लगातार संवाद और जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। बैठक में हुमायूं बेग, सेवानिवृत्त आरके सिंह, अधिवक्ता विक्रम सिंह, कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सरफराज मलिक, मोहित प्रजापति, हरिराज सिंह, हुकम सिंह, अनिल त्यागी, गुलशन कुमार, हाजी नसीम अंसारी, हाजी अहसान, अब्दुल समद आज़ाद, नौशाद अली, सत्यम, फुरकान अंसारी, मोनिका रानी, रॉकी रानी, सुकंदी लाल, नज़ाकत अली कंभौर, भानु प्रकाश, विश्वमोहन, सुरेंद्र, साजिदा, जाफर हसनैन, विकुल, कमरुन्निसा आदि मौजूद रहे।

**पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी**

# बाजार में युवती से छेड़छाड़ को लेकर हो गया हंगामा



**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मुख्य बाजार में बृहस्पतिवार की रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक बाइक सवार युवक की टक्कर एक युवती से हो गई। मामूली टक्कर के बाद मामला इतना बढ़ गया कि, देखते ही देखते सैकड़ों लोग मौके पर जमा हो गए और बाजार में हंगामा शुरू हो गया।

प्राप्त विवरण के अनुसार, नगर के एक मोहल्ला निवासी युवती अपनी बहन के साथ फल चौराहे की ओर जा रही थी। इसी दौरान उनकी हल्की टक्कर एक बाइक सवार युवक से हो गई। टक्कर के बाद दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो कुछ ही देर में नोकझोंक में बदल गई। इसी बीच युवती ने युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगा दिया, जिसके बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। इसी बीच दोनों पक्षों के परिजन भी वहां पहुंच गए। करीब आधे घंटे तक दोनों पक्षों के बीच तीखी झड़प और हंगामा चलता रहा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह स्थिति को नियंत्रित करते हुए युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनी और देर रात तक चली बातचीत के बाद आपसी समझौते के आधार पर मामला शांत हो गया। इस घटना के बाद से धामपुर नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म है। लोग कह रहे हैं कि, मामूली टक्कर ने पूरे बाजार का माहौल बिगाड़ दिया। वहीं पुलिस ने अपील की है कि बिना पूरी सच्चाई जाने किसी अफवाह या आरोप पर भीड़ इकट्ठा न करें।

# कल निकलेगी महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा




**धामपुर ( चिंगारी )।** अग्रवाल सभा एवं युवा अगबन्धु समाज के संयुक्त तत्वावधान में अग्रवंश शिरोमणि महाराजा अग्रसेन जी महाराज की जयंती पर कल 26 अक्टूबर रविवार को दोपहर 3 बजे रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित अग्रवाल धर्मशाला से महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा आकर्षक झांकियां व अखाड़े के साथ निकाली जाएगी। इस आशय कि जानकारी देते हुए युवा अग्रबंधु समाज के अध्यक्ष रुचिन अग्रवाल, सचिव अश्वनी मित्तल, कोषाध्यक्ष सौम्या अग्रवाल ने बताया कि प्रातः काल 10 बजे हवन यज्ञ होगा, जिसमें देश व समाज के कल्याण की कामना की जाएगी। इसके पश्चात सामूहिक भोज व दोपहर 3 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा धामपुर नगर के सभी अग्रबधुओं को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

# भारतीय किसान संघ ने धरना प्रदर्शन का समर्थन किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान संघ ने आज हेमराज कॉलोनी चौराहा पर अंडरपास की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों को अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि इस अंडरपास से दर्जनों गांव को लाभ मिलेगा। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार, जिला मंत्री सुरेश कुमार, जिला सह मंत्री बलराम सिंह, जिला सह मंत्री नरेंद्र कमार, ब्लॉक अध्यक्ष रूपेंद्र सिंह, ब्लॉक कृषि प्रमुख वीरेंद्र कुमार, ग्राम समिति अध्यक्ष पिंटू राय, अजय, श्याम, हर्षित, राजेश, प्रदीप ने मिलकर इस संबंध में जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भी दिया।

# किड़नी सुरक्षा मानकों को तय करने की मांग की

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** किडनी-लीवर बचाओ अभियान के संयोजक नंदलाल धनगर ने देश के अस्पतालों में किडनी सुरक्षा मानकों को अविलंब तय करने की मांग की है। कहा कि देश में किडनी बीमारी से ग्रसित लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस संबंध में शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में उन्होंने कहा है कि देश भर के अस्पतालों में अभी तक किडनी सुरक्षा के मानकों को तय नहीं किया जा सका है। एलोपैथी दवाइयों पर निर्भरता एवं अनियमित खानपान के कारण देश में किडनी रोग से ग्रसित लोगों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, इसलिए किडनी सुरक्षा मानकों को तय किया जाना आवश्यक है।

# चिलरखाल-लालढांग मोटर मार्ग निर्माण को लेकर धरना जारी

## कल विशाल जनसभा करने की तैयारी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** चिलरखाल-लालढांग मोटर मार्ग निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों का चिलरखाल बैरियर पर चल रहा धरना शुक्रवार को 42वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान मोटर मार्ग निर्माण को लेकर रविवार को धरना स्थल पर विशाल जन सभा कर मार्ग निर्माण के लिए समर्थन जुटाने व आगे की रणनीति तैयार करने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर आंदोलन संयोजक प्रवीण थापा ने कहा कि मार्ग निर्माण को लेकर भूख हड़ताल और आमरण अनशन किया जा चुका है, लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। मोटर मार्ग निर्माण पर जो रोक लगी है उनकी पैरवी के लिए सुप्रीम कोर्ट में अभी तक कोई पिटिशन भी फाइल नहीं की गई है और न ही कोई ठोस पैरवी की जा रही है, जिससे राज्य सरकार और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के प्रति जनता में भारी असंतोष बना हुआ है। अगर यह मोटर मार्ग बनता है, तो गढ़वाल और कोटद्वार की जनता को देहरादून व हरिद्वार जाने के लिए यूपी के नजीबाबाद होते हुए नहीं जाना पड़ेगा। कहा कि मार्ग निर्माण के लिए सकारात्मक पहल न होने तक धरना जारी रहेगा। मौके पर मोटर मार्ग निर्माण को लेकर रविवार को विशाल जन सभा करने का निर्णय लिया गया।



चिलरखाल-लालढ़ांग मोटर मार्ग निर्माण की मांग को लेकर शुक्रवार को चिलरखाल बैरियर पर धरना देते लोग।

धरना स्थल पर महेश नैनवाल, अर्जुन रावत, रविंद्र सौंद, संजय रावत, देवेंद्र रावत, नितिन शर्मा, ध्यान सिंह बिष्ट, आशीष काला, वीरेंद्र लखेड़ा, गणेश रावत, हरेंद्र भंडारी और दिगम्बर बिष्ट सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनता मौजूद रही।

## उत्तरकाशी में आपदा प्रभावित स्वजनों को दी आर्थिक सहायता

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पूर्व सैनिक संघर्ष समिति की ओर से शुक्रवार को जनपद उत्तरकाशी के धराली आपदा क्षेत्र में पहुंचकर अपने स्वजनों को आपदा में खोने वाले आठ परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत ने कहा कि आपदा में जान गंवाने वालों को समिति श्रद्धांजलि अर्पित करती है और उनके स्वजनों को इस दुख की घड़ी में साथ खड़े रहने का आश्वासन देती है। कहा कि हमारी संवेदनाएं उनके साथ हैं जो इस आपदा से प्रभावित हुए हैं। इसी क्रम में समिति से जुड़े पूर्व सैनिकों ने अपनी पेंशन का एक हिस्सा प्रभावितों को देने का निर्णय लिया है, जिससे वे अपनी जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। कहा कि समिति प्रभावित परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत रहेगी। इस अवसर पर मेहरबान सिंह चौहान, जीत सिंह भंडारी, देवेंद्र बिष्ट, गोपाल सिंह नेगी और ठाकुर सिंह गुसाईं सहित अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया

## स्मार्ट मीटर का पुतला फूंका

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** स्मार्ट मीटर को लेकर कोटद्वार में धरना-प्रदर्शन जारी है। आज कांग्रेस नेत्री रंजना रावत के नेतृत्व में नागरिकों ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया और झंडा चौक में स्मार्ट मीटर का पुतला फुंका। इस मौके पर रंजना रावत ने कहा कि हम किसी भी हाल में कोटद्वार में स्मार्ट मीटर नहीं लगने देंगे स्मार्ट मीटर के विरोध में यहां तहसील परिसर में लगातार धरना जारी है। आज कांग्रेस नेत्री रंजना रावत के नेतृत्व में नागरिकों ने तहसील से जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। झंडा चौक में जोरदार नारेबाजी के साथ स्मार्ट मीटर के पुतले को आग लगा दी। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि सरकार स्मार्ट मीटर लगाकर गरीबों का शोषण कर रही है। उन्होंने कहा कि शहर में जो स्मार्ट मीटर लगे हैं उनका बिल हजारों में आ रहा है। बसपा नेता महेश नेगी ने कहा कि जिन लोगों का बिल पूर्व में 500-600 आ रहा था आज 4 से 5000 आ रहा है। इस मौके पर शासन-प्रशासन को चेतावनी दी गई कि यदि स्मार्ट मीटर लगाने का प्रयास किया गया, तो उसके विरोध में जनता सड़कों पर उतर जाएगी। इस मौके पर राजेंद्र सिंह नेगी, आसाराम, रीना देवी परमानंद, जरीफ अहमद, प्रमोद कुमार, मोहम्मद अफजल, संतराम तथा कमल सिंह आदि मौजूद थे।



# महेन्द्र सिंह धोनी की पत्नी अन्य परिजनों के साथ धार्मिक यात्रा पर पहुंची हरिद्वार



गरीबों को भोजन बांटते हुए साक्षी धोनी।

## गंगा में करके स्नान, पूजा के बाद किया दान

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** भारती क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की पत्नी साक्षी धोनी अपने परिजनों के साथ हरिद्वार पहुंची तथा हर की पौड़ी पर पहुंच कर गन्ना स्नान करके मां गंगा का आशीर्वाद लिया। स्नान और पूजा अर्चना के बाद साक्षी धोनी और परिवार वालों ने दान दक्षिणा भी की। इस अवसर पर साक्षी धोनी, उनकी मां, बहन और उनके बच्चों के हर की पौड़ी पहुंचने पर श्री गंगा सभा के महामंत्री तनमय वशिष्ठ, उज्वल पंडित, सिद्धार्थ चक्रपाणि सहित अन्य पदाधिकारियों ने गंगा सभा कार्यालय में उनका स्वागत किया। इस अवसर पर गंगा सभा के महामंत्री तयमय वशिष्ठ ने बताया कि भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की पत्नी साक्षी धोनी व अन्य परिजन छठ के अवसर पर धार्मिक यात्रा के उद्देश्य से हरिद्वार आए थे। उनके आगमन पर पुलिस प्रशासन की ओर से उनकी सुरक्षा के लिए प्रयाप्त इंतेजाम किए गए थे। कोतवाली प्रभारी रितेश शाह अपनी टीम के साथ हर की पौड़ी पर मौजूद रहे।

# नहटौर मार्ग पर ट्रक पलटने से चालक घायल

**धामपुर ( चिंगारी )।** बीती रात ढाई बजे नहटौर मार्ग पर सब्जी मंडी की पुलिया के निकट एक लीलैंड कंपनी का ओवरलोड ट्रक सड़क किनारे पलट गया। घटना में चालक को मामूली चोट आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आजकल नहटौर-धामपुर मार्ग को चौड़ी करण किये जाने का कार्य चल रहा है। ऐसे में मजदूरो ने सड़क की एक साइड की मिट्टी को खोद कर गहरा गड्ढा कर दिया है।



पलटा हुआ ट्रक।

बताया जाता है कि बीती रात लीलैंड कंपनी का एक ट्रक नहटौर से धामपुर आ रहा था। जब वह ट्रक पुरानी सब्जी मंडी के निकट पहुंचा तो उसके पीछे से बजरी से भरा हुआ ट्रैक्टर ट्राला ओवरटेक करके आगे निकल गया और कुछ दूर चलकर उसने ट्रैक्टर ट्राला रोक लिया। जिस पर नींद की झपकी आने के कारण लीलैंड ट्रक के चालक ने जैसे ही बेक मारे तो उसका ट्रक सड़क से उतरकर गड्ढे में पलट गया। ट्रक पलटने से चालक को मामूली चोट आई। उनके पीछे चल रहे अन्य वाहन चालकों ने चालक को मालवीय चौक पर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसे प्राथमिक उपचार करके वापस भेज दिया गया। ट्रक पलटने से लगे जाम की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन की सहायता से ट्रक को सीधा करके रास्ता खुलवाया। इसके बाद जनता ने राहत की सांस ली।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

## सौफतपुर स्पोर्ट्स एकेडमी,

**सौफतपुर के संचालक एवं कोच**

## कपिल राणा



की ओर से लोकप्रिय सांध्य दैनिक 'चिंगारी' की 40 वीं वर्षगांठ एवं गंगा स्नान पर्व की समस्त क्षेत्रवासियों , जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं तथा चिंगारी परिवार को

**हार्दिक शुभकामनाएं**

---

सभी भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों एवं समस्त क्षेत्रवासियों को लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ की

**हार्दिक शुभकामनाएं**



**संजीव कुमार उर्फ सोनू वर्मा**

वरिष्ठ भाजपा नेता

निवास- मौहल्ला चौहानान, किरतपुर

---

उत्तम तकनीक उत्तम गन्ना उत्तम चीनी उत्तम किसान

UTTAM SUGAR


## उत्तम शुगर मिल्स लिमिटेड बरकातपुर (बिजनौर)

**की ओर से सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक 'चिंगारी' की 40 वीं वर्षगांठ पर संपादक डा. सूर्यमणि रघुवंशी जी एवं समस्त 'चिंगारी' परिवार को हार्दिक बधाई तथा समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं**

**- किसान भाइयों से अपील -**

**कृषक बंधुओं आप सभी के सहयोग से चीनी मिल का पेराई सत्र 2025 - 26 शीघ्र आरम्भ होने वाला है।**

समस्त कृषक भाइयों से अनुरोध है कि पर्ची मिलने पर ही गन्ने की छिलाई करें तथा चीनी मिल को ताजा, साफ - सुथरा, जड़ - पत्ती व अगौला रहित गन्ना ही आपूर्ति करें, ताकि आपका और चीनी मिल दोनों का भविष्य सुखद हो। -प्रिय कृषक बंधुओं से अनुरोध- जैसा कि आप अवगत हैं कि गन्ना प्रजाति Co - 0238 लाल सड़न व अन्य कीट रोगों से पूर्णत: ग्रस्त हो गयी है। अत: आर्थिक नुकसान से बचने हेतु निम्नलिखित कार्य करें। -लाल सड़न से ग्रस्त क्लैम्प को खेत से निकालकर जलाकर या मिट्टी में दबाकर नष्ट कर दें। प्रभावित खेतों में ट्राईकोडर्मा 200 मिली. प्रति एकड़ व अमिस्टार टॉप (एजोक्सीस्ट्रोबिन 18. % + डिफेनोकोनाजोल 11.4 % ) 15 दिन के अंतराल पर दो स्प्रे करें। -उन्नतशील गन्ना प्रजाति Co - 0118 , Co - 15023 , CoLK - 14201 , CoS - 17231 एवं Co - 18231 आदि की ही बुवाई करें। -मृदा उपचार हेतु ट्राईकोडर्मा 4 किग्रा. या जैव फफूंदी नाशक 2 ली. प्रति एकड़ गोबर की खाद में मिलाकर 5 से 7 दिन छायादार स्थान पर रखकर कल्चर तैयार करें और गन्ने की बुवाई से पहले अंतिम जुताई पर अवश्य प्रयोग करें। गन्ना बीज सम्बन्धी किसी भी प्रकार की आवश्यकता / जानकारी के लिये अपने गन्ना सुपरवाइजर / फील्ड अधिकारी से सम्पर्क करें।



**नोट- रोग ग्रसित एवं अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई कदापि न करें।**

**शुभकामनाओं सहित**

**नरपत सिंह राठौर**
संयुक्त अध्यक्ष

**राजकुमार अदलखा**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

---



**मुकुल अग्रवाल**
प्रदेश महामंत्री

**पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल नूरपुर**

की ओर से लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ व गंगा स्नान एवं गुरु नानक जयंती की

**हार्दिक शुभकामनाएं**



**संदीप जोशी**
वरिष्ठ पत्रकार एवं युवा जिला प्रभारी
प.उ.प्र.उ. व्यापार मण्डल, बिजनौर




**लव कलेक्शन सूट एवं साड़ी शोरूम,**
**वैद्य जी कॉम्पलेक्स, शिव मंदिर चौक, नूरपुर ( बिजनौर )**

---

# DHARA MOTOR FINANCE LTD.

Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990

**We are Hiring** | Senior Manager
Regional Managers/Area Heads

Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC

Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com

8433405694

CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

श्रम, संघर्ष, सेवा और साधना के 40 वर्ष

# चिंगारी

संस्थापक: बाबू सिंह चौहान

भली लगे या बुरी बात कहे खरी

बिजनौर : 25 अक्टूबर 2025





सभी भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों एवं समस्त क्षेत्रवासियों को लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ की

**हार्दिक शुभकामनाएं**



**योगेन्द्र राजपूत**

पूर्व नगरध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी, किरतपुर




धमाका धमाका धमाका

हॉट जैल बोतल मात्र 150 रुपये गारन्टी वाली ( सिकाई के लिए ) और साथ में फ्री पायें 50 रूपये वाल सैनिटाईजर

हॉट वाटर बोतल मात्र 125 रुपये गारन्टी वाली ( सिकाई के लिए ) और साथ में फ्री पायें 50 रूपये बाल सैनिटाईजर

कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें नई ले जायें

कमर की कोई भी बेल्ट ( दर्द के लिए या आपरेशन के बाद ) पुरानी लायें और आधे पैसे देकर नई ले जायें।

कोई भी Knee Cap ( घुटने पर चढ़ाने वाली पट्टी ) पुरानी लाओ और आधे पैसे देकर नई ले जाओ।

हमारे यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Dipper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैशाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage) Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, De&trose की बोतल, ऑपरेशन के बाद बँधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट (Anti Dandruff shampoo), (Hand sanitizer), हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलता है।

नोट- यहाँ पर सभी पुरानी मशीनों की रिपेयरिंग होती हैं।

**नोट- युवक व युवतियां नौकरी के लिये सम्पर्क करें।**

सम्पर्क करें - **गोयल मेडिकल स्टोर**

रोहित होटल के पास, बिजनौर मो. 9411012482, 8273387326

**विकास खंड नजीबाबाद के लोकप्रिय ब्लॉक प्रमुख, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं शिक्षा के मिशन को समर्पित**



**तपराज सिंह देशवाल**

**की ओर से**

लोकप्रिय सांध्य दैनिक 'चिंगारी' की 40 वीं वर्षगांठ

की संपादक डा. सूर्यमणि रघुवंशी जी सहित समस्त चिंगारी परिवार को हार्दिक बधाई तथा क्षेत्रवासियों , जनपदवासियों, शुभचिंतकों को

**हार्दिक शुभकामनाएं**

**आप सभी को गंगा स्नान पर्व एवं श्री गुरु नानक देव जयंती की भी हार्दिक मंगलकामनायें**

**तपराज सिंह देशवाल**

ब्लॉक प्रमुख नजीबाबाद

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रबंधक

आरपीएस सीनियर सैकेंड्री पब्लिक स्कूल व आरपीएस महाविद्यालय, चंदक (बिजनौर)

# सिटी प्लाजा
## (जय भारत)

की ओर से
पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं
उत्तराखण्ड के लोकप्रिय
सांध्य दैनिक
**चिंगारी**
की 40वीं वर्षगांठ
व **गंगा स्नान**
के अवसर पर समस्त
क्षेत्रवासियों एवं
जनपदवासियों को

**हार्दिक शुभकामनाएं**

स्थान- मण्डी समिति के सामने किरतपुर ( बिजनौर )

मो. 9899010187,
9310217946,
9818735779

सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं जनपदवासियों को लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं

# PRIYANKA MODERN SCHOOL DHAMPUR

(AN ENGLISH MEDIUM 10+2 INSTITUTION, AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI)
pmsdhampur1986@gmail.com www.pmsdhampur.com
9411951360, 8533805276, 01344 - 222192

CELEBRATING 40 YEARS



*Introducing...*

**SPORTS ACADEMY**
CRICKET, FOOTBALL
VOLLEYBALL, BASKETBALL
BADMINTON, KABADDI & KHO-KHO

**SHOOTING RANGE**

**SKATING, MARTIAL ARTS**

**DANCE AND MUSIC ACADEMY**

सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, संपादक मण्डल, संवाददाताओं, पाठकों एवं शुभचिंतकों को पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं

# अब्दुल समी मैमोरियल लॉ कॉलेज

किरतपुर (बिजनौर)

B.A., LL.B. (5 YEARS) और LL.B.(3YEARS) में प्रवेश हेतु महाविद्यालय में सम्पर्क करें।

**संकाय में योग्य, अपने विषय के विशेषज्ञ और दीर्घकालीन अनुभव प्राप्त शिक्षकों की सेवाएं उपलब्ध है। महाविद्यालय में निम्न सुविधाएं उपलब्ध है।**

1. लॉ के लिए आकर्षक आधुनिक सुविधायुक्त शानदार भवन।
2. पुस्तकालय:- विभिन्न विषयों पर पुस्तकें उपलब्ध है, साथ ही हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी के समाचार पत्रों की व्यवस्था है।
3. खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा की सुविधाएं उपलब्ध है।
4. कैरियर काउंसलिंग के तहत छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी दी जाती है।
5. पात्र छात्रों को छात्रवृत्ति की भरपूर सुविधा उपलब्ध है।
6. महाविद्यालय में कैन्टीन की सुविधा उपलब्ध है।

# मौलाना मौहम्मद अली जौहर हॉयर एजुकेशन इंस्टीट्यूट

किरतपुर (बिजनौर)

*मुस्लिम फण्ड बसी किरतपुर के तहत जारी क्षेत्र का प्रसिद्ध और लोकप्रिय बुलन्दियों को छूता उच्च शिक्षण संस्थान मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इस्टाट्यूट किरतपुर विभिन्न कोर्सेज़ ऑफर करने में प्रसन्नता और गर्व महसूस करता है।*

| | |
|---|---|
| 1. B.A. | हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य उर्दू, समाज शास्त्र, अर्थशास्त्र राजनीति शास्त्र और गृह विज्ञान। |
| 2. B.Com. | सभी अनिवार्य विषय। |
| 3. B.Sc. | (Z.B.C.), (P.C.M.) & (C.S.) |
| 4. M.A. | Urdu, English, Sociology Home Science, Economics |
| 5. M.Com. | सभी अनिवार्य विषय। |
| 6. M.Sc. | Chemistry |

**कॉलेज में निम्न सुविधाएं उपलब्ध है:**

1. सभी संकायों में योग्य, अपने विषय के विशेषज्ञ और दीर्घ कालीन अनुभव प्राप्त शिक्षकों की सेवाएं उपलब्ध है।
2. भवन : अत्यंत शानदार आकर्षक और विशाल इमारत।
3. सुसज्जित गृह विज्ञान प्रयोगशाला।
4. पुस्तकालय : विभिन्न विषयों पर पुस्तकें उपलब्ध है।
5. साथ ही हिन्दी, उर्दू, अंग्रेज़ी के समाचार-पत्रों की व्यवस्था।
6. कैरियर काउन्सलिंग के तहत छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी दी जाती है।
7. पात्र छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति की भरपूर सुविधा उपलब्ध है।
8. कैन्टीन की सुविधा उपलब्ध है।

# B.Ed. & D.El. Ed (BTC)

सम्पर्क सूत्र-7088640006, 8923157406, 7895650746



मरहूम हाजी मौ. उस्मान
वालिद साहब

सेहत आपकी - जिम्मेदारी हमारी

सभी देशवासियों, नगरवासियों, ग्रामवासियों, क्षेत्रवासियों, चिकित्सा अधिकारियों को खुशियों एवं रोशनी के त्यौहार

**दीपावली, भैयादूज, गोवर्धन पूजा**

की दिली मुबारकबाद/हार्दिक शुभकामनाएं

सांध्य दैनिक लोकप्रिय अख़बार चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ की दिली मुबारकबाद



मौ. तुफैल अंसारी

**SL नर्सिंग होम एवं जच्चा-बच्चा केन्द्र**

पता- नाटकों के बाग में काशीपुर रोड, अफ़जलगढ़

!! मा० मुलायम सिंह यादव अमर रहें !!  !! समाजवादी पार्टी जिन्दाबाद !!  !! मा० अखिलेश यादव जिन्दाबाद !!







आप सभी विधानसभा क्षेत्रवासियों को मेरी ओर से

पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के लोकप्रिय सांध्य दैनिक

**चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ**

की

**हार्दिक शुभकामनाएं**



मा० अखिलेश यादव जी
पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी



हाजी तसलीम अहमद
विधायक
विधान सभा क्षेत्र, नजीबाबाद

# पांचवीं पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदय-त्यापो न शोषयति मारूतः।।



# स्व. डॉ. रजनीश चन्द्र ऐरन

(जन्म- 26 नवम्बर 1937)
(स्वर्गवास-25 अक्टूबर 2020)

आपकी स्नेहिल स्मृति, आपका मार्गदर्शन, आपके आदर्श, अनुशासन एवं परहित में सदा उद्यत रहने की उत्कंठा, हमें सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। आपकी पांचवीं पुण्यतिथि पर हम सभी अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

**श्रद्धावनत**

नीति-सौरभ, वंशिका-अभिनव एवं रिया-वत्सल
हल्दौर, जिला-बिजनौर, मोबाइल नं. 8191819148